RNI: UPHIN/2015/60902
राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
www.theachivertimes.com
डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017
वर्ष : 9 अंक : 277
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, गुरुवार, 01 फरवरी, 2024

# द अचीवर टाइम्स



## एक नज़र

### सीतारमण को बर्खास्त करने की मांग करना पड़ा भारी, रिटायर होने से दो दिन पहले आईआरएस अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** आईआरएस अधिकारी बी बालामुरुगन ने ईडी मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बर्खास्त करने की मांग की थी। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने तमिलनाडु के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी बी बालामुरुगन को निलंबित कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताकि, बालामुरुगन बुधवार को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन इससे दो दिन पहले सोमवार को उन्हें निलंबित कर दिया गया। बालामुरुगन ने ईडी मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बर्खास्त करने की मांग की थी। बालामुरुगन जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, चेन्नई (उत्तर) क्षेत्र के डिप्टी कमिश्नर थे। उन्होंने जनवरी की शुरुआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर वित्त मंत्री सीतारमण पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को भाजपा की शाखा के रूप में बदलने का आरोप लगाया था और उन्हें बर्खास्त करने की मांग की थी। आईआरएस अधिकारी ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में तमिलनाडु के सलेम जिले के दो दलित किसानों को जुलाई 2023 में प्रवर्तन निदेशालय के समन पर राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखा था।

### लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने युवक को चाकुओं से गोदा

**नई दिल्ली।** महेंद्र पार्क इलाके में मोबाइल लूटने का विरोध करने पर बदमाशों ने मंडी में काम करने वाले एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित की पहचान लक्की पार्क, जहांगीरपुरी निवासी शिवम (22) के रूप में हुई है। बुरी तरह से घायल शिवम को उसकी मां ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पीड़ित के बयान पर लूटपाट का प्रयास मामला दर्ज कर लिया है। शिवम ने बताया कि रविवार देर रात 12 बजे काम खत्म करने के बाद अपने घर जा रहा था। जहांगीरपुरी लाल बत्ती के पास गली से तीन युवक निकलकर पास आए और मोबाइल फोन छीनने लगे। विरोध करने पर एक युवक ने उसपर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए।

## जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन गिरफ्तार

# ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ के बाद कसा शिकंजा



एजेंसी

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने बुधवार की शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर एक बजे से पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है। अब उन्हें गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा। ईडी कोर्ट से रिमांड पर लेने के लिए आग्रह करेगी व अनुमति मिलने पर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

जमीन घोटाला प्रकरण में ईडी के दस समन, मुख्यमंत्री के माध्यम से लगातार समन की अवहेलना, ईडी की पूछताछ में संतोषजनक जवाब का नहीं मिलना उनकी गिरफ्तारी का कारण बना। मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास में छापेमारी के दौरान बरामद 36 लाख रुपये व बीएमडब्ल्यू कार के स्रोत पर पूछे गए सवाल का भी मुख्यमंत्री ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद ही ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया। बता दें कि जमीन घोटाला प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 15वें आरोपित हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनसे पहले 14 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जमीन घोटला प्रकरण में ईडी ने मुख्यमंत्री से 20 जनवरी से पूछताछ की थी और उनसे कहा था कि अभी पूछताछ पूरी नहीं हुई है, एक दिन और पूछताछ की जाएगी। इसके बाद ईडी ने उन्हें 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए तिथि व जगह बताने को कहा था। इसपर मुख्यमंत्री ने ईडी को जवाब भिजवाया कि वे फिलहाल व्यस्त हैं, जल्द ही वे पूछताछ के लिए तिथि व जगह बताएंगे। इस पर ईडी ने मुख्यमंत्री को कड़ा पत्र लिखा और कहा कि वे 29 या 31 को पूछताछ के लिए समय दें, नहीं तो ईडी अपने अनुसार पूछताछ का निर्णय लेगी। इसी बीच मुख्यमंत्री दिल्ली रवाना हो गए। जब 28 जनवरी तक ईडी को मुख्यमंत्री का कोई जवाब नहीं मिला और ईडी को सूचना मिली कि मुख्यमंत्री दिल्ली में हैं, तो इसी सूचना पर ईडी ने 29 जनवरी को मुख्यमंत्री दिल्ली स्थित आवास व झारखंड भवन में छापेमारी कर दी। मुख्यमंत्री तो नहीं मिले, लेकिन उनके आवास से 36 लाख रुपये, बीएमडब्ल्यू कार व जमीन घोटाले से संबंधित दस्तावेज मिले। ईडी ने उसकी विधिवत जब्ती की। 29 जनवरी को दिल्ली में छापेमारी हो रही थी, मुख्यमंत्री वहां से गायब थे, इसी बीच सीएमओ से ईडी के रांची स्थित कार्यालय को पत्र भिजवाया गया कि मुख्यमंत्री 31 जनवरी की दोपहर एक बजे पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री आवास में मौजूद रहेंगे। सीएमओ के इसी पत्र के आधार पर ईडी की टीम 31 जनवरी की दोपहर एक बजे सीएम आवास पहुंची और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार की। ईडी ने अवैध खनन मामले में दाखिल चार्जशीट में यह उल्लेख किया था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा से निष्कासित पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल ने अपने बयान में प्रेम प्रकाश को मुख्यमंत्री का करीबी बताया था। रवि केजरीवाल ने बताया था कि एक दिन वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनके कार्यालय में बैठे थे, वहां हेमंत सोरेन ने पंकज मिश्रा को सीधे तौर पर निर्देशित किया था कि संताल के क्षेत्रों में पत्थर व बालू खनन से आने वाले रुपयों को वह प्रेम प्रकाश को दें।

### अवैध खनन केस में पूछताछ कर चुकी है ईडी

झारखंड में ईडी अलग-अलग कई मामलों में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही है। साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 17 नवंबर 2022 को नौ घंटे की पूछताछ की थी। इस पूछताछ के दौरान ईडी ने उनसे उनकी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा भी मांगा था। सीएम ने अपनी संपत्ति का ब्योरा भी सौंपा था। अब जमीन घोटाला केस में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच चल रही है। सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने छापेमारी के दौरान बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के यहां भी छापा मारा था। तब भानु प्रताप प्रसाद के ठिकाने से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज बरामद हुए थे। उस वक्त कुछ ऐसी जमीन से संबंधित दस्तावेज भी मिले थे, जिसमें फर्जीवाड़ा हुआ है। उक्त जमीन के संबंध में ही ईडी मुख्यमंत्री की भूमिका की जांच कर रही है।

### जमीन घोटाले में कब-कब कौन-कौन हो चुके हैं गिरफ्तार

**14 अप्रैल 2023 – प्रदीप बागची, अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज खान व भानु प्रताप प्रसाद।**
**चार मई 2023 – रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आइएएस छवि रंजन।**
**सात जून 2023– दिलीप कुमार घोष व अमित कुमार अग्रवाल।**
**तीन जुलाई 2023 – भरत प्रसाद व राजेश राय।**
**31 जुलाई 2023 – विष्णु अग्रवाल।**
**11 अगस्त 2023 – प्रेम प्रकाश।**
**31 जनवरी 2024 – मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।**

## आरक्षण की मांग के दौरान लाठीचार्ज पर मनोज जरांगे ने जताई नाराजगी

एजेंसी




**पुणे।** पुणे यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (पीयूडब्ल्यूजे) के कार्यक्रम में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पिछले साल के सितंबर माह में अंतरवाली सरती गांव में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे समर्थकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था, जो इस आंदोलन पर एक काला धब्बा था। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि अगर शिंदे सरकार ने मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने के लिए अधिसूचना जारी नहीं की होती, तो मैं निश्चित रूप से 10 फरवरी को नए सिरे से भूख हड़ताल करता।

सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि एक सितंबर 2023 को जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में पुलिस की लाठीचार्ज ने आंदोलन को नया मोड़ दिया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। इस घटना ने आंदोलन को अधिक बड़ा बना दिया। हालांकि हम इसी घटना को निर्णायक मोड़ नहीं कह सकते हैं, क्योंकि हम हिंसा से किसी भी कीमत पर आरक्षण नहीं चाहते थे। उन्होंने घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हम ही लोग जानते हैं कि हम उस दौरान कैसी-कैसी शारीरिक यातनाएं झेली। आंदोलन में शामिल माताओं और बहनों पर हमला किया गया, जबकि हम शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। लाठीचार्ज से कुछ दिन पहले पुलिस अधीक्षक से बातचीत का जिक्र करते हुए मनोज जरांगे ने कहा कि उन्होंने धरना स्थल का दौरा किया था, उस दौरान उन्होंने जरांगे की सराहना की थी कि जरांगे ने दो लाख से अधिक समर्थकों को घर लौटने का आग्रह किया था। मुझे समझ नहीं आता कि किस बात पर पुलिस ने लाठीचार्ज की। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर हुए आंदोलन के दौरान कई निर्वाचित प्रतिनिधियों के घरों पर हमले किए गए, इस पर बोलते हुए जरांगे ने कहा कि मैंने पहले ही कहा कि हम हिंसा के खिलाफ हैं।

## लगातार छठा बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## मनमोहन और जेटली से आगे निकलेंगी सीतारमण

एजेंसी




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अपना पहला अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले साल 2019 में वित्त मंत्री अरुण जेटली की अस्वस्थता के कारण उस समय वित्त मंत्री के प्रभार में रहे पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार छठा बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज होंगे। वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के क्लब में शामिल हो जाएंगी। सीतारमण पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं, जो जुलाई 2019 से अब तक पांच पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने सर्वाधिक 10 बार बजट पेश किए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अपना पहला अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले साल 2019 में वित्त मंत्री अरुण जेटली की अस्वस्थता के कारण उस समय वित्त मंत्री के प्रभार में रहे पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था। 1 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस साल पूर्ण बजट आम चुनावों के बाद संभवतः जुलाई में पेश किया जाएगा। एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश होने वाला अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। यह सरकार को अप्रैल-मई के आम चुनावों के बाद नई सरकार आने तक कुछ निश्चित मदों में खर्च करने का अधिकार देगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने के साथ ही मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा जैसे पूर्व वित्त मंत्रियों से भी आगे निकल जाएंगी। इन नेताओं लगातार पांच बजट पेश किए थे।

मोदी सरकार के 2014 में सत्ता संभालने के बाद वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी भाजपा के दिग्गज नेता अरुण जेटली को सौंपी गई थी। उन्होंने साल 2014-15 से 2018-19 तक लगातार पांच बार बजट पेश किए। जेटली के खराब स्वास्थ्य के कारण 2019 के आम चुनावों के पहले वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार पीयूष गोयल को सौंपा गया। उन्होंने एक फरवरी, 2019 को अंतरिम बजट पेश किया था। 2019 के आम चुनावों के बाद मोदी 2.0 सरकार में वित्त विभाग का जिम्मा निर्मला सीतारमण को सौंपा गया। उसके बाद वे लगातार पांच बाजार बजट पेश कर चुकी हैं। इसके साथ ही वे इंदिरा गांधी के बाद बजट पेश करने वाली दूसरी महिला भी बनीं। इंदिरा गांधी ने वित्त वर्ष 1970-71 के लिए बजट पेश किया था।

## ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने में 30 साल पहले बंद हुई थी पूजा



एजेंसी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार कोर्ट की तरफ से दिया गया है। कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष की बड़ी जीत हुई है। 30 साल बाद अदालत ने हिंदू पक्ष को व्यास तहखाने में पूजा करने की इजाजत दे दी है। व्यासजी का तहखाना वर्ष 1993 से बंद था।

ज्ञानवापी स्थित नंदी के मुख के सामने दक्षिणी दीवार के पास मौजूद तहखाने में वर्ष 1551 से व्यास पीठ स्थापित रहा। इसी व्यास पीठ से मां श्रृंगार गौरी की पूजा, भोग, आरती की जाती रही। वर्ष 1993 में राज्य सरकार व जिला प्रशासन के मौखिक आदेश के जरिये पूजा-पाठ और परंपराओं को बंद करा दिया था। ज्ञानवापी परिसर के चारों ओर लोहे की बैरिकेडिंग भी करा दी गई थी। दिसंबर 1993 में ही तत्कालीन जिलाधिकारी ने व्यास पीठ के तत्कालीन पुजारी पंडित सोमनाथ व्यास के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाते हुए पूजा-पाठ पर रोक लगा दी। तहखाने में भी ताला लगा दिया था। वर्ष 1996 में दायर आदिविश्वेश्वर बनाम राज्य सरकार के वाद में नियुक्त अधिवक्ता आयुक्त ने अपनी रिपोर्ट में तहखाने के एक ताले की दो चाबी का जिक्र किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी के ताला खोलने से मना करने के बाद व्यास पीठ के पंडित सोमनाथ व्यास ने एक चाबी से ताला खोला था। इसके बादज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे के दौरान नंदी जी के सामने स्थित इस तहखाने का दरवाजा खुला था।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण सिर्फ मोदी सरकार का प्रचार : मल्लिकार्जुन खरगे!

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में भाषण को मोदी सरकार का प्रचार और विज्ञापन करार दिया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी कैबिनेट द्वारा पारित राष्ट्रपति का अभिभाषण केवल मोदी सरकार की प्रशंसा थी। क्योंकि यह सरकार द्वारा बनाया गया दस्तावेज है। फिर आप उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि पीएम मोदी इसके जरिए अपना प्रचार और विज्ञापन छोड़ देंगे। हमें उम्मीद नहीं थी कि भाषण से भी प्रचार प्रसार करेंगे।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में भाषण को मोदी सरकार का प्रचार और विज्ञापन करार दिया है। राष्ट्रपति के भाषण उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बात की हमें खुशी हैं कि राष्ट्रपति पहली बार नई संसद में आई, उन्होंने दोनों सदनों को संबोधित किया। भले ही उन्हें यह सम्मान देर से दिया गया। सभी को पता है कि सरकार ने नई ससंद भवन के उद्घाटन में उन्हें बुलाना भी उचित नहीं समझा था, जबकि राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग होते हैं।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी कैबिनेट द्वारा पारित राष्ट्रपति का अभिभाषण केवल मोदी सरकार की प्रशंसा थी। क्योंकि यह सरकार द्वारा बनाया गया दस्तावेज है। फिर आप उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि पीएम मोदी इसके जरिए अपना प्रचार और विज्ञापन छोड़ देंगे। हमें उम्मीद नहीं थी कि भाषण से भी प्रचार प्रसार करेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे के मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण पूरी तरह से राजनीतिक था, उसमें वह केवल पीएम मोदी का प्रचार और विज्ञापन है। इसमें किसी भी तरह की समस्याओं और चिंताओं को संबोधित नहीं किया गया है। रोजगार और भर्ती पर कोई शब्द नहीं था। यह मात्र गरीबों को गुमराह करने की कोशिश है। खरगे ने कहा कि मुर्मू ने बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती असमानता की गहरी खाई के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा। यह इसलिए हुआ क्योंकि पिछले 10 सालों में कुछ खास मोदी सरकार ने नहीं किया है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। जो छात्रवृत्ति कार्यक्रम पहले से चले आ रहे हैं उन्हें भी सरकार बंद कर रही है। मणिपुर में हिंसा पिछले नौ महीनों से जारी है, लेकिन राष्ट्रपति ने उसका जिक्र नहीं किया।

## पूर्व सीएम सोरेन की गिरफ्तारी के बाद आदिवासी संगठनों ने किया झारखंड बंद का आह्वान

एजेंसी

**रांची।** झारखंड में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में बृहस्पतिवार को कई आदिवासी संगठनों ने प्रदेश बंद का आह्वान किया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने बताया कि करीब 20 संगठन इस आह्वान से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, ईडी के साथ सहयोग करने के बावजूद हेमंत सोरेन का गिरफ्तार कर लिया गया। हम इसका विरोध करते हैं। हालांकि, इस बंद से स्कूलों को बाहर रखा गया है। तिर्की आगे ने कहा कि बंद से आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। अगर स्कूल गुरुवार को खुले तो हम उन्हें परेशान नहीं करेंगे। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, गिरफ्तारी से पहले सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया था। दरअसल, हेमंत सोरेन के खिलाफ दो अलग-अलग मामले चल रहे हैं। इनमें पहला मामला अवैध खनन लीज पट्टे से जुड़ा है, जबकि दूसरा अवैध जमीन घोटाले से जुड़ा है। कहा जा रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी भी समय उन्हें गिरफ्तार कर सकता है। बता दें कि हेमंत सोरेन पर एक मामला पद के दुरुपयोग का भी चल रहा है। जिससे जुड़ी रिपोर्ट चुनाव आयोग राज्यपाल को सौंप चुका है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पहला समन 8 जुलाई को जारी किया गया था और 14 अगस्त को हाजिर होने के लिए कहा गया था। इसके बाद समय-समय पर उन्हें समन जारी किए गए और हाजिर होने के लिए कहा गया। लेकिन सोरेन नहीं पहुंचे। एजेंसी ने उन्हें खुद ही समय और जगह तय करने के लिए भी कहा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। 13 जनवरी को आठवें समन के बाद पहली बार सोरेन से पूछताछ हुई। दसवां समन 27 जनवरी को जारी किया गया और उनसे 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच समय और स्थान तय करने के लिए कहा गया था।

## पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के लिए नहीं छोड़ूंगी कोई भी सीट: ममता बनर्जी

एजेंसी



कोलकाता। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कुछ ही महीनों का समय शेष है। ऐसे में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को शांत करने के प्रयासों में जुटी है। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एलान किया है कि वह देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए लोकसभा में एक भी सीट नहीं छोड़ेंगी। टीएमसी सुप्रीमो ने माकपा पर आरोप लगाया कि उसके कारण ही उनकी पार्टी के संबंध विपक्ष गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस से खराब हुए हैं।

बनर्जी ने एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में कहा, टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया, क्योंकि कांग्रेस ने राज्य में दो सीटों पर लड़ने का उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस का राज्य विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है। मैंने उन्हें मालदी की दो लोकसभा सीटों की पेशकश कीं। लेकिन, वह और सीटें चाहती थी। इसलिए, मैने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक भी सीट साझा नहीं करूंगी। उनकी नेता माकपा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में भाजपा को मजबूत करने के लिए कांग्रेस और माकपा मिलीभगत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, केवल तृणमूल कांग्रेस सक्रिय रूप से भाजपा का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा, माकपा अब कांग्रेस की नेता है। मैं माकपा को कभी माफ नहीं करूंगी। मैं माकपा का समर्थन करने वालों को माफ नहीं करूंगी। मैंने उनसे कहा कि उन्हें पहले माकपा छोड़नी होगी। माकपा के साथ मिलकर वे भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। मैंने पिछले पंचायत चुनावों में यह देखा है। इससे एक दिन पहले बनर्जी ने घोषणा की थी कि टीएमसी राज्य में लोकसभा की सभी 42 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इस एलान से पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन को करारा झटका लगा है। बनर्जी किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कुछ लोग हैं जो चुनाव के समय आएंगे, चहचहाएंगे और फिर चले जाएंगे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि माकपा ने अपने 34 साल के शासन में राज्य के लोगों प्रताड़ित किया। बनर्जी ने कहा कि वह वाम पार्टी को कभी माफ नहीं कर पाएंगी। उन्होंने कहा, मालदा से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिवंगत गनी खान चौधरी के परिवार से अगर कोई चुनाव लड़ता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन टीएमसी भी चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस पिछले कई वर्षों से मालदा में दोनों सीटें जीतती रही है। लेकिन उन्होंने लोगों के लिए क्या किया है?

# महिला थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान नियम न मानने वालों का हुआ चालान

**द अचीवर टाइम्स शशांक बाजपेई**



**बाराबंकी।** महिला थाना प्रभारी मुन्नी सिंह ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, हेलमेट, ट्रिपलिंग, सीट बेल्ट आदि सही न होने पर वाहनों का किया चालान महिला थाना प्रभारी मुन्नी सिंह के नेतृत्व में सतरिख नाका, पटेल तिराहा, पुलिस लाइन तिराहा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें बिना हेलमेट, सीटबेल्ट व ट्रिपलिंग तथा यातायात नियम न मानने वालो के खिलाफ कारवाई भी की गई इस दौरान गलत नंबर प्लेट व बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों में हड़कंप मच गया। चेकिंग को देखकर कई वाहन चालक इधर उधर से बचकर निकलते देखे गए। महिला थाना प्रभारी मुन्नी सिंह ने शांति और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए क्षेत्र के बाजारों में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया। वहीं गलत तरीके की नंबर प्लेट व बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले लोगों को रोककर एक दर्जन गाड़ियों का चालान काट दिया गया। इस दौरान गलत नंबर प्लेट व बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों में हड़कंप मच गया। चेकिंग को देखकर कई वाहन चालक इधर उधर से बचकर निकलते देखे गए। पुलिस ने बताया कि इस तरह की चेकिंग लोगों को सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने के लिए की जाती है। व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। महिला थाना प्रभारी द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/ कॉलेजों/ कोचिंग सेंटर/ सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल सुमन मौर्या, आरक्षी वत्सला सिंह,सरोज व संजू रावत सहित अन्य महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रही। वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट आदि चेक करके वाहनों का चालान किया। महिला थाना प्रभारी मुन्नी सिंह ने कहा कि वाहनों को नियम कानून के दायरे में रहकर चलाए। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

## हत्यारे भाई को उम्रकैद की सजा, 20 हजार जुर्माना भी

**बाराबंकी।** अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार शुक्ल ने हत्या के मामले में मृतक के भाई को उम्रकैद और 20,000 रुपये जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित अवस्थी व रमाकांत द्विवेदी ने बताया कि थाना टिकैतनगर के बनगावां गांव निवासी श्याम बिहारी व राम बिहारी दोनों भाई थे। नौ अगस्त 2019 की रात 11~00 बजे आपस में किसी बात को लेकर दोनों झगड़ा कर रहे थे। इसी बीच दोनों में अचानक गाली-गलौज व मारपीट होने लगी। शोर सुनकर पिता मथुरा व अन्य लोग पहुंचे तभी श्याम बिहारी ने राम बिहारी की कुदाल से मारकर हत्या कर दी। घटना की रिपोर्ट मृतक के पिता मथुरा ने थाना टिकैटनगर में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुदाल को बरामद किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान घटना को लेकर आठ गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषी को उम्र कैद व 20,000 रुपये जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई।

# फरार गैंगस्टर आरोपित को बिलग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**बिलग्राम हरदोई** के थाना बिलग्राम प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 730/23 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित 10 हजार रूपये के फरार इनामिया शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।जनपद हरदोई मे अपराध नियन्त्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हरदोई के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिलग्राम के कुशल नेतृत्व मे थाना बिलग्राम पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 730/23 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित 10 हजार रूपये के फरार इनामिया शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिलग्राम कुशवाहा ने बताया है कि आरोपित पर थाना शाहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 730/23 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट बनाम अभियुक्त कल्लू उर्फ अहसान पुत्र इरफान नि0 मो0 खुर्दपुरा कस्बा व थाना बिलग्राम, हरदोई पंजीकृत हुआ था। जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त कल्लू उर्फ अहसान की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा 10,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया था, जिसे दिनांक 31.01.2024 को थाना बिलग्राम पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुतुलपुर थाना बिलग्राम के निकट से घेराबंदी कर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से उसका नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम कल्लू उर्फ अहसान पुत्र इरफान नि0 मो0 खुर्दपुरा कस्बा व थाना बिलग्राम जनपद हरदोई बताया जोकि थाना बिलग्राम से मु0अ0सं0 730/23 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित चल रहा था। अभियुक्त कल्लू उर्फ अहसान उपरोक्त को उसकी जुर्म व धारा से अवगत कराते हुये गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

## एक नज़र

### ग्राम प्रधान संघ ने ज्वाइंट वीडियो को दिया ज्ञापन
### ग्राम प्रधान व प्रधान के परिजनों पर लगाया था रिश्वत का आरोप

**द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला**

**रामनगर बाराबंकी।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलौटा की ग्राम प्रधान विमला देवी के पति राम विनोद यादव सहित पूरे परिवार पर प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी संजू देवी पत्नी राजितराम निवासी मजरे बबुरिहा ने रिश्वत लेने के संबंध में थाना रामनगर में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद ग्राम प्रधान संघ ने लामबंद होकर ग्राम प्रधान विमला देवी व उनके परिजनों पर द्वेष वश फर्जी तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कराने को लेकर कोतवाल रत्नेश पांडे को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच करके न्याय करने की मांग की है। इसी के साथ मे विकासखंड में तैनात ज्वाइंट खंड विकास अधिकारी नंद कुमार पांडे को भी ज्ञापन दिया है। ग्राम प्रधान संघ ने ब्लॉक सभागार में इकठ्ठा होकर एक बैठक की और सभी लोगो ने मांग की है कि ग्राम पंचायत के विकास की मूलभूत समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह में नही किया गया तो समस्त ग्राम प्रधान शासकिय कार्यो से विरत रहकर आंदोलन करेंगे। ग्राम प्रधान सुनील यादव ने बताया कि 6 फरवरी को ग्यारह बजे ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक सभागार में एक बैठक की जाएगी। इस मौके पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राम कुमार मिश्रा,जिला महामंत्री बृजेश शर्मा,जिला उपाध्यक्ष देवीशरण यादव, सभाजीत सिंह, वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, सुभाषचंद्र, सत्येंद्र वर्मा, महेंद्र नाथ, मोहम्मद हारून, विमलेश कुमार, चंद्रमोल मिश्रा, दीपू अवस्थी, संजय कुमार, अजय पांडेय, लवलेश वर्मा सहित भारी संख्या में प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### खेतों में पानी जाने के लिए रास्ता खुलवाने को भाकियू अराजनैतिक ने उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को सौपा ज्ञापन


**द अचीवर टाइम्स /चेतन कुमार**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में बुधवार को भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को खेतों में पानी जाने के लिए रास्ता खुलवाने को ज्ञापन दिया और ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि ग्राम लहडरा का रास्ता, शेरपुर मार्ग से सकरटीला, आलापुर, बरारी, पूठ को जाता है उस रास्ते पर आलमनगर को जाता है जिसमे दो नम्बर टयूबेल का पानी हाईवे को कोश करके ईश्वर पुत्र रामवीर आदि कई अन्य लोगो के खेत की भराई होती है जो यूपीडा, नाली, रास्ते दोनो बन्द कर दिये गये है तो पानी निकलने के कारण 200 मीटर जमीन सुख जायेगी। इस रास्ते 900 मीटर पहले अन्डरपास है और 1000 मीटर आगे है। इस बीच मे सरकारी टयूबेल का पानी निकलने का रास्ता नही है इस रास्ते को जल्द-से-जल्द खुलवाने की कृपा करे। इससे पहला ज्ञापन 18 मई 2023 को दिया था आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है आज ज्ञापन देने के बाद अगर 10 दिन में कार्यवाही नहीं हुई है तो हाईवे का पूरा कार्य सदरपुर से लेकर सकरटीला पुल तक बन्द कर दिया जायेगा। उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर जल्दी से जल्दी सज्ञान ले चिन्हित निशान खसरा सं0 160 व 63500 यह पुलिया का चिन्हित निशान है।

### कवींद्र कुमार राष्ट्रीय गायत्री ज्ञान संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**द अचीवर टाइम्स/चेतन कुमार**



**हापुड़।** हापुड़ के रेलवे रोड पर एचडीएफसी बैंक के सामने कार्यालय पर राष्ट्रीय गायत्री ज्ञान संस्था द्वारा बैठक आयोजित की गई जिसमें संस्था की संस्थापक निर्मला शर्मा ने दिल्ली रोड आनंद विहार कॉलोनी निवासी कवींद्र कुमार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करते हुए मनोनीत पत्र सौपा। वही संस्थापक निर्मला शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय गायत्री ज्ञान संस्था का आज कुनबा बढ़ाया गया है जिसमे कवींद्र कुमार को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी जिसे वह ईमानदारी पूर्वक बहुत जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे ओर हमारी संस्था को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे वही नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कवींद्र कुमार ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे बड़ी लग्न ओर मेहनत से निभाऊंगा ओर संस्था को आगे ले जाना का कार्य करूँगा।





द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट

लखीमपुर खीरी~क़स्बा खीरी में इमामबाड़े के सामने खाली पड़ी जमीन पर विवाद का मामला,, विकास भवन सभागार में दो पक्षों में बैठक कर चल रही वार्ता,, सीडीओ, एसडीएम श्रद्धा सिंह, तहसीलदार लेखपाल व चेयरपर्सन प्रतिनिधि फ़हीम अहमद, थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह मौजूद।

# सहायक बैंक ऑफ इंडिया हसनगंज ग्राहक सेवा केन्द्र का हुआ श्रीगणेश

- **बैंक आफ इंडिया हसनगंज मैनेजर राघवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया उदघाटन।**
- **बैंक मैनेजर ने सुग्रीव कुमार को बैंक ऑफ इंडिया का बनाया बैंक मित्र।**

**द अचीवर टाइम्स - महेन्द्र कुमार**





**हसनगंज (उन्नाव)।** हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सैरपुर मौहा चौराहे पर ग्राहक सेवा केन्द्र बैंक ऑफ इंडिया का हुआ श्रीगणेश जिससे दूर-दराज के लोगों को हसनगंज बैंक आने में असुविधा का सामना करना पड़ता था जो कि सैरपुर मौहा चौराहे पर ग्राहक सेवा केन्द्र खुलने से क्षेत्रीय लोगों को अब मिल सकेंगी सरलता से बैंक सम्बंधित सुविधाएं। सैरपुर निवासी ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक सुग्रीव कुमार ने बताया हमारे गांव क्षेत्र में कोई बैंक नहीं था जिससे हमें व हमारी क्षेत्रीय जनता को पैसे लेन-देन में असुविधा का सामना करना पड़ता था। जो कि आने जाने में काफी समय बर्बाद हो जाता था। अब क्षेत्रीय लोगों को दूर नहीं जाना होगा आसानी से लेन-देन व अन्य बैंक सम्बंधित सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। आम जनमानस की समस्या को देखते हुए ग्राहक सेवा केन्द्र चालक के आग्रह करने पर बैंक ऑफ इंडिया हसनगंज मैनेजर राघवेन्द्र ने ग्राहक सेवा केन्द्र का फीता काट कर किया उदघाटन। सुग्रीव कुमार को बैंक ऑफ इंडिया का बैंक मित्र नियुक्त किया। मौके पर आजाद आशीष गौतम, रामचन्द्र रावत , राजनरायन गुप्ता , रमेश कुमार रस्तोगी , बैंक मित्र संजय कुमार , ग्राम प्रधान ओमप्रकाश , मूसेपुर प्रधान लल्लन , आशीष कुमार , सज्जन कुमार, तेजपाल गौतम , गजराज , राकेश कुमार , अनिल कुमार , महेश कुमार , अशोक कुमार , पत्रकार बन्धुओं सहित सैकड़ों क्षेत्रीय लोग रहे मौजूद।

# देसी शराब से भरी बोरियों में 63 लीटर शराब कटनी पुलिस ने किया जप्त

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**




**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का सिलसिला जारी है। थाना रंगनाथ नगर कटनी द्वारा अवैध शराब माफिया के विरुद्ध कार्यवाही का क्रम जारी रखते हुए आज बाबा घाट रोड के पास रेड कार्यवाही करते हुए अमित उर्फ अक्का बर्मन पिता दुर्गा प्रसाद बर्मन उम्र 27 वर्ष निवासी फॉरेस्टर वार्ड झर्राटिकुरिया के कब्जे से दो सफेद रंग की बोरियों में कुल 63 लीटर अवैध देशी शराब जप्त कर 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना रंगनाथ नगर द्वारा विगत 04 दिवस में अवैध शराब माफियाओ के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए कुल 04 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमे से 02 प्रकरण 34(2) आबकारी एक्ट के हैं जिसमे कुल 128 लीटर अवैध शराब जप्त कर मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों को जेल भेजा है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव , सहायक उप निरीक्षक विनोद चौधरी, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, आरक्षक शुभम आरक्षक नवलकिशोर आरक्षक चालक नवीन दत्त शुक्ला एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# अपर जिला जज छाया शर्मा द्वारा वन स्टॉप सेन्टर का किया गया औचक निरीक्षण

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट चेतन कुमार**



**हापुड़।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में छाया शर्मा अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हापुड़ में स्थित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान वन स्टॉप सेन्टर पर कोई पीड़िता उपस्थित नहीं थी तो वही भावना पेरामेडिकल नर्स द्वारा बताया गया कि 25 जनवरी 2024 को एक पीड़िता वन स्टॉप सेन्टर पर उपस्थित थी, जिसको महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी के आदेशानुसार भेजा जा चुका है। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेन्टर की ओर से नीतू मल्टी पर्पज आदि व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की ओर से पराविधिक स्वंयसेवक सोनम उपस्थित रहे साथ ही छाया शर्मा की देखरेख में मुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड़ सुनील त्यागी एवं डॉ प्रेरणा श्रीवास्तव नोडल अधिकारी (डीएलओ) व अन्य डॉक्टर्स की उपस्थिति में विश्व कुष्ठ रोग निवारण दिवस अवसर पर कुष्ठ आश्रम रेलवे रोड हापुड़ में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील त्यागी द्वारा उपस्थित कुष्ठ रोगियों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी एवं इसके निवारण के बारे में बताया गया कि यदि कुष्ठ रोग का समय रहते इलाज नहीं कराया गया तो यह अनुपचारित हो जाता है और कुष्ठ रोग वाले विकृत हो जाते है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डाक्टर्स की टीम द्वारा शिविर में उपस्थित कुष्ठ रोगियों को केले, प्राथमिक उपचार किट, चप्पल आदि वितरित किये गये।

## घर से नाराज होकर निकली युवती, पेड़ से लटका मिला शव

**रामनगर (बाराबंकी)।** रामनगर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात को घर से नाराज होकर निकली युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन के किनारे पेड़ से फंदे से लटकता मिला। युवती एमए उत्तीर्ण थी और एक अस्पताल में काम करती थी। पुलिस छानबीन में जुटी है। पुलिस के अनुसार नरैनीपुरवा गांव निवासी माखनलाल की बेटी अनीता (24) मंगलवार रात करीब नौ बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकली थी। परिजन रात में उसकी तलाश करते रहे। इस दौरान मध्यरात्रि के समय युवती का शव गांव के बाहर रेलवे लाइन के किनारे स्थित नीम के पेड़ से रस्सी से बने फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी होने के बाद युवती घर से निकली थी।

# अवैध रेत परिवहन रोकने पुलिस अधीक्षक ने दिए थाना प्रभारीयों एवं चौकी प्रभारीयों को निर्देश



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा 31.01.2024 को समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की वर्चुअल मीटिंग ली गई। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा लंबित सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टिप्रद निराकरण, अवैध शराब, जुआ, सट्टा पर लगातार सख्त कार्यवाही करने, गुंडा बदमाशो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने, अवैध रेत परिवहन रोकने, मांस की खुली बिक्री नहीं होने देने, सीमा में लाउडस्पीकर का प्रयोग सुनिश्चित करने के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# ग्राम पंचायत के बेहतर विकास के लिए ग्राम प्रधान और स्वयं सहायता समूह की भूमिका आवश्यक : एडीओ पंचायत कुलदीप सक्सेना

**द अचीवर टाइम्स अमित कुमार**




**शाहजहांपुर।** विकासखंड सभागार जैतीपुर में दूसरे बैच के प्रथम दिवस के प्रशिक्षण पी आर आई और एस एच जी कन्वर्जेंस हेतु प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षक मुकेश दीक्षित और सुषमा राठौर द्वारा दिया गया प्रशिक्षण की शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना और ए.डी. ओ पंचायत श्री कुलदीप सक्सेना जी और द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सर्व प्रथम प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया । इस प्रशिक्षण का मुख्य उददेश्य ग्राम प्रधान एवं स्वयं सहायता समूह मिलकर जब कार्य करेंगे, तो ग्राम का विकास अवश्य ही होगा । पंचायती राज के मुकेश दीक्षित एवं सुषमा राठौर ने विस्तार से पंचायती राज व्यवस्था के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा में क्या अंतर है । पंचायत कितने प्रकार की होती है । मास्टर ट्रेनर सुषमा राठौर ने बताया कि स्वयं सहायता समूह क्या है , कैसे गठन किया जाए , समूह का उद्देश्य , समूह के अधिकार ,समूह की जिम्मेदारी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी । इस प्रशिक्षण प्रोजेक्ट के व्यवस्थापक श्री पी.सी.पटेल के द्वारा भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई,जो कि बहुत ही गुणवत्तापूर्ण थी । लखनऊ से आए सहयोगी सौरभ चौरसिया जी का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा ।

# बहरू गांव में पेड़ से लटका मिला शव

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**

**काकोरी।** काकोरी कोतवाली क्षेत्र के बहरू गांव में बुधवार सुबह तालाब किनारे नीम के पेड़ से युवती का दुपट्टे के सहारे शव लटका मिला ।ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव पेंड से लटकाने का आरोप लगाया है, मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। घटना स्थल पर पानी से भीगी व कीचड़ से सने हुई जैकेट व चप्पल बरामद हुए वही युवती का मोबाइल गायब है। बहरू गाँव निवासी किसान होरी लाल गौतम की बेटी सरिता गौतम (20) का शव गांव के बाहर बड़ी नहर के पास स्थित तालाब पर लगे नीम के पेड़ से दुपट्टा से लटका हुआ मिला ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरिता के चेहरे व शरीर पर चोट निशान थे। जिस पर परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। घटना स्थल पर सरिता की भीगी हुई जैकेट व चप्पल मिले। परिजनों ने आरोप लगाया कि हत्यारो ने पानी मे डुबो कर हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया है।

मृतिका सरिता की मां सुमित्रा ने बताया कि सरिता तीन वर्ष पूर्व कक्षा 10 पास किया था। जिसके बाद वह घर पर ही रहती थी। मंगलवार रात सरिता घर पर सो रही थी। देर रात करीब डेढ़ बजे सरिता की घर से निकलने की आशंका है ।जब हम लोग सुबह उठे तो देखा कि सरिता का बिस्तर लगा हुआ था ।कम्बल के नीचे बिस्तर मोड़ कर लगा हुआ था जिससे लगा सरिता सो रही है। जब पड़ोसी ग्रामीणों ने शव लटकने की बात बताई तो जानकारी हुई। हम लोगों की किसी से कोई रंजिश नही थी। पुलिस का कहना है कि परिवारीजनों ने प्रेम प्रसंग में हत्या होने की आशंका जताई है अन्य कोई घटना के बारे में नहीं बता रहे हैं। मृतिका के भाई सरवन गौतम ने पुलिस को बताया कि बहन सरिता गौतम अपने कमरे में अकेले सो रही थी देर रात छत से नीचे घर के बाहर निकल गई थी ,सुबह कमरे में देखा गया तो वह नहीं थी जिसके बाद आसपास उसकी खोजबीन की जा रही थी, तभी गांव के ही लोगो ने बताया कि सरिता का शव तालाब किनारे लगे पेंड से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ है। मृतक के भाई सरवन ने बताया कि तीन साल पहले बहन की शादी मलिहाबाद के एक युवक से तय हुई थी, लेकिन गांव के ही एक युवक ने बहन को अपने प्रेम जाल में फंसा कर शादी की बात कहते हुए रिश्ते को तुड़वा दिया था और उसके बाद युवक ने अपने ऊपर लिए कर्ज को अदा करने के की बात कहते हुए बहन से शादी करने से मना कर दिया था। काकोरी कोतवाली प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों ही एंगल पर जांच कर रही है।

# धुंध और बादलों के साथ हुई सुबह, आज और कल कई जिलों में हो सकती है बारिश

एजेंसी




**लखनऊ।** यूपी के कई जिलों में आज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार चार फरवरी तक प्रदेश का मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। यूपी में मौसम एक बार फिर से बिगड़ गया है। मंगलवार को जहां प्रदेश के कई हिस्सों में चमकीली धूप निकलीं तो वहीं बुधवार के दिन की शुरुआत बादलों के साथ हुई। इन दो दिनों में प्रदेश का मौसम बीते दो दिनों में तेजी से बदला है। मौसम विभाग के मुताबिक आज से प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार बन रहे हैं। चार फरवरी तक फिलहाल बूंदाबांदी-बौछारों के आसार जताए जा रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ी है। इसके कारण पृथ्वी की सतह पर हवा का रुख बदला हुआ है, ज्यादातर इलाकों में गलन कम हुई है। एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभों का प्रभाव 31 जनवरी से एक फरवरी को दिखेगा। इस दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक और 30 से 40 किमी की रफ्तार से चलने वाली हवा के आसार हैं। वहीं रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बरसात होने की संभावना है। इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तीन और चार फरवरी को फिर कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक मो. दानिश के मुताबिक सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में बादल-बिजली की चेतावनी जारी की गई है। राजधानी में मंगलवार को सुबह की शुरुआत तो हल्के कोहरे के साथ हुई पर गलन नहीं थी। दिन चढ़ने के साथ तेज खिली धूप में सर्दियों की तल्खी जाती रही। धूप इतनी तेज थी कि दिन का पारा 23..4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि रात का पारा 9.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। एक जनवरी को अधिकतम तापमान 18.5 था, और न्यूनतम पारा नौ डिग्री था। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ का असर राजधानी पर दिखेगा, एक फरवरी को बूंदाबांदी व बौछारों के आसार हैं।

# फाइलेरिया को रोकने के लिए मिशन मोड में काम करेगी सरकार, 10 से 28 फरवरी तक चलेगा अभियान

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में 10 फरवरी से प्रदेश के 17 जिलों में फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने अपील की है कि एमडीए राउंड के दौरान दवा का सेवन जरूर कराएं। उत्तर प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने को लेकर योगी सरकार मिशन मोड में काम करने को पूरी तरह तत्पर है। इसके तहत प्रदेश के आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) को फाइलेरिया मरीजों को चिन्हित करने के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। स्वास्थ्य इकाइयों पर हर माह की 15 तारीख को आयोजित होने वाले एकीकृत निक्षय दिवस पर टीबी, कालाजार के साथ फाइलेरिया मरीजों को भी चिन्हित किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के 17 जिलों में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए राउंड) चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराएंगे। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2027 तय किया है। मुख्यमंत्री की अपील है कि एमडीए राउंड के दौरान फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन जरूर करें। क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाली इस गंभीर बीमारी के लक्षण जैसे- हाइड्रोसील, हाथ-पैर व स्तन में सूजन आदि पांच से 15 साल में दिखाई देते हैं। इसलिए हर कोई अपने को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करें और खुद के साथ आने वाली पीढ़ी को इस बीमारी से सुरक्षित बनाएं। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है, इसलिए लक्षण आने का इन्तजार न करके दवा का सेवन करना ही समाज हित में है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस बीमारी को रोका तो जा सकता है



लेकिन एक बार हो जाए तो इसका कोई इलाज नहीं किया जा सकता। इसका केवल प्रबंधन किया जा सकता है, जिसके लिए सरकार तत्पर है और फाइलेरिया मरीजों को रुग्णता प्रबन्धन एवं दिव्यांगता निवारण (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण और किट प्रदान कर रही है। इसलिए बीमारी को रोकने के लिए जरूरी है कि दवा का सेवन करें। जून 2023 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में 51 फाइलेरिया एण्डेमिक जिले हैं और राज्य में 90768 लिम्फेटिक फाइलेरियासिस एवं 21131 हाइड्रोसील के रोगी चिन्हित किए गए हैं।

**इन जिलों में चलाया जाएगा अभियान**

फाइलेरिया से मुक्ति के लिए 10 से 28 फरवरी तक अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, हमीरपुर, जौनपुर, जालौन, लखनऊ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, उन्नाव और वाराणसी में एमडीए राउंड चलाया जाएगा। इनमें अमेठी, आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, प्रयागराज, उन्नाव और वाराणसी में ट्रिपल ड्रग (आइवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल) का सेवन कराया जाएगा जबकि बलिया, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर और सोनभद्र में डबल ड्रग (डीईसी और एल्बेंडाजोल) का सेवन कराया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में फाइलेरिया प्रभावित 51 जिले हैं, अन्य प्रभावित जिलों में आगामी 10 अगस्त से एमडीए राउंड चलाया जाएगा।

**फाइलेरिया से बचाव के लिये यह सावधानी बरतें**

मच्छर के काटने से बचें ¬ फाइलेरिया के परजीवी संक्रमित क्यूलेक्स मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलते हैं। इसलिए बचाव के लिए जरूरी है कि मच्छरों के काटने से बचकर रहें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी बांह के कपड़े पहनें। साफसफाई का रखें खास ख्याल ¬ क्यूलेक्स मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पनपते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि घर और आसपास साफसफाई का पूरा ख्याल रखें।

## एक नज़र

### मुख्यमंत्री योगी का एलान, सभी 4000 किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने किसान मेले में आए 15 राज्यों के सभी किसानों को राम मंदिर दर्शन कराने का एलान किया है। उन्होंने इस मौके पर केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी जिक्र किया। राजधानी लखनऊ में सीएसआईआर और सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेला 2024 में आए सभी 4000 किसानों को प्रदेश सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। इसका एलान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मेले में 15 राज्यों के किसान शामिल हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय चार कृषि विश्वविद्यालय हैं और अब जल्द ही पांचवां भी खुलेगा। किसान खुशहाल होगा तो देश भी खुशहाल होगा। मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर सीमैप द्वारा विकसित एरोमा एप का लोकार्पण भी किया।

### शिक्षक भर्ती आरक्षण मामले में सरकार ने दिए जांच के आदेश, नियमों की अनदेखी का है आरोप




**लखनऊ।** राज्यसभा सांसद बृजलाल ने भर्ती में नियमों की अनदेखी को लेकर उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। उन्होंने कार्यपरिषद में भी आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व न होने की बात कही थी। केजीएमयू की शिक्षक भर्ती में विवाद का मामला फिलहाल थमता नहीं दिख रहा है। भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी के आरोप पर सांसद बृजलाल के पत्र पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए हैं। केजीएमूय ने बीते साल जुलाई में 141 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके साथ ही आरक्षण और रोस्टर को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विज्ञापन में आरक्षित पदों को बैकलॉग के बजाय सामान्य रूप से भरा जा रहा है। इससे आरक्षित वर्ग के हितों की अनदेखी हो रही है। यह मामला विधानसभा में भी उठा। इसके बाद साक्षात्कार के बावजूद लिफाफे नहीं खोले गए। अब सरकार ने भी धारा 13 के तहत जांच के आदेश कर दिए हैं। ऐसे में भर्ती प्रक्रिया फिलहाल पूरी होती नहीं दिख रही है। सांसद ब्रजलाल ने केजीएमयू की कार्यपरिषद में भी आरक्षित वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने की बात कही है। इससे अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों का हनन हो रहा है। सांसद ने जांच के लिए गठित समिति में भी आरक्षित वर्ग के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग की है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बनाया वाररूम, बैठक में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भी तैयारी



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस में मंथन जारी है। बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। जिसमें हर सीट पर चर्चा की गई। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सपा द्वारा 16 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कांग्रेस भी सक्रिय हो गई है। इसे लेकर पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बैठक हुई जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रभारी अविनाश पांडेय, सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा और राष्ट्रीय सचिव सहित कई नेता शामिल हुए। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप पर भी चर्चा हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने वाररूम बना दिया है। बैठक में प्रदेश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की बिंदुवार तैयारी को लेकर समीक्षा की जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। हालांकि, सपा द्वारा पहले उम्मीदवार घोषित करने से कांग्रेस नेता सहमत नहीं हैं। मंगलवार को हुई बैठक में ज्यादातर नेताओं ने सपा के कदमों की आलोचना और ज्यादा से ज्यादा सीटों पर पार्टी उम्मीदवार उतारने की बात कही। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यह तय हुआ था कि दोनों पार्टियों की ओर से उम्मीदवारों के नाम की सूची समन्वय समिति की बैठक में रखी जाएगी। इसके बाद घोषणा होगी लेकिन सपा ने एकतरफा चाल चली है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

# यूपी विधानसभा सत्र के चलते बदला रहेगा यातायात, हजरतगंज व आसपास के इलाके में रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा सत्र के चलते हजरतगंज व आसपास के इलाकों में ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। जानें, किन रास्तों पर मिलेगा कम ट्रैफिक? यूपी विधानसभा का सत्र दो फरवरी को प्रस्तावित है। इसके चलते शुक्रवार को ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। हजरतगंज व आसपास यातायात बदला रहेगा। इमरजेंसी में प्रतिबंधित मार्ग से एंबुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन निकाले जाएंगे। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

- बंदरियाबाग चौराहे से राजभवन, डीएसओ चौराहा, गंज चौराहा, जीपीओ मोड़ और विधान भवन की ओर नहीं जा सकेंगे। लालबत्ती चौराहा, कैंट या गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा होकर जा सकेंगे।
- डीएसओ चौराहा से गंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की ओर नहीं जा सकेंगे। पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर जा सकेंगे।
- रॉयल होटल चौराहे से विधान भवन के सामने से गंज चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, चिरैयाझील या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज, कैंट होकर जा सकेंगे।
- संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर की ओर से आने वाली बसें सिकंदरबाग चौराहा, गंज चौराहा, विधान भवन की ओर नहीं जाएंगी। ये बसें बैकुंठ धाम, 1090 चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर जाएंगी।
- केकेसी तिराहे से चारबाग की ओर आने वाली बसें हुसैनगंज चौराहा, विधान भवन की ओर नहीं




जाएंगी। ये लोको चौराहा, कैंट या बर्लिंग्टन चौराहा से कैसरबाग होकर जाएंगी।
- गोमतीनगर की ओर से आने वाली बसें सिकंदरबाग चौराहा, गंज चौराहा, विधान भवन की ओर नहीं जा सकेंगी। ये बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैयाझील तिराहा होकर कैसरबाग होते हुए 1090 चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर जा सकेंगी।
- सिकंदरबाग चौराहे से विधान भवन की ओर जाने वाला यातायात गंज चौराहा की ओर नहीं जाएगा। यह सिकंदरबाग चौराहे से राणा प्रताप मार्ग, बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होकर जाएगा।
- परिवर्तन चौक, हिंदी संस्थान तिराहे से गंज चौराहा होकर विधान भवन की ओर नहीं जा सकेंगे। कैसरबाग चौराहा या चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका या सिकंदरबाग चौराहा, राणा प्रताप मार्ग, 1090 चौराहा होकर गोल्फ क्लब चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर जाएंगे।
- डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा, रॉयल होटल चौराहे की तरफ नहीं आ-जा सकेंगे। गंज चौराहा, मेफेयर तिराहा या रॉयल होटल चौराहे से बर्लिंग्टन चौराहा, कैंट होकर जाएंगे।

# ज्ञानवापी पर हिंदू पक्ष की बड़ी जीत, व्यासजी के तहखाने में पूजा की मिली अनुमति, जश्न का माहौल

एजेंसी




**लखनऊ।** व्यासजी के तहखाने में पूजा की अनुमति को लेकर बुधवार को कोर्ट ने आदेश जारी कर दिया है। पूजा करने की अनुमति मिल गई है। ज्ञानवापी केस में बड़ा फैसला आया है। यह फैसला हिंदू पक्ष में सुनाया गया है। फैसले के मुताबिक, ज्ञानवापी तहखाने में हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिला गया है। ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया। तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई है। प्रकरण को लेकर हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी कहते ने कहा आज व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार दिया गया है और कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है। व्यासजी के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ की अनुमति मिलने के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं व आम लोगों में जश्न का माहौल है। अधिवक्ताओं ने विक्ट्री साइन दिखाते हुए जीत का जश्न मानाया। वादी के अधिवक्ताओं के मुताबिक व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है। अधिवक्ताओं के अनुरोध पर कोर्ट ने नंदी के सामने की बैरिकेडिंग को खोलने की अनुमति दी है। ऐसे में अब तहखाने में 1993 के पहले के जैसे पूजा के लिए अदालत के आदेश से आने- जाने दिया जाएगा। मंगलवार को कोर्ट में अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से अधिवक्ता मुमताज अहमद और एखलाक अहमद ने कहा था कि व्यासजी का तहखाना मस्जिद का हिस्सा है। वहां पूजा की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम से बाधित है। तहखाना वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। लिहाजा, वहां पूजा-पाठ कि अनुमति न दी जाए।

# बिजली के करंट से छुड़वा रहे शराब की लत, इस खास तकनीक के मिल रहे उत्साहजनक परिणाम

संवाददाता

**लखनऊ।** केजीएमयू में ट्रांसक्रानियल डायरेक्ट करंट स्टिमुलेशन तकनीक के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इस तकनीक से मानसिक रोग विभाग में अब तक 17 मरीजों की शराब छुड़वाई जा चुकी है। अगर आप भी शराब की लत से परेशान हैं और यह चाहकर भी नहीं छूट रही तो केजीएमयू आइये। यहां विशेष डिवाइस के माध्यम से बिजली का करंट देकर इस लत को छुड़वाया जा रहा है। ट्रांसक्रानियल डायरेक्ट करंट स्टिमुलेशन तकनीक से मानसिक रोग विभाग में अब तक 17 मरीजों की शराब छुड़वाई जा चुकी है। इंडियन जर्नल ऑफ सायकोलॉजिकल मेडिसिन ने इसे मान्यता देते हुए प्रकाशित किया है। मानसिक रोग विभाग के प्रो. अमित आर्या ने बताया कि परंपरागत रूप से इस्तेमाल होने वाली इलेक्ट्रोकंवल्सिव थेरेपी में मरीज को बेहोश कर बिजली का करंट दिया जाता है। पहले बिना बेहोश किए ऐसा किया जाता था लेकिन अब इस पर रोक लग गई है। नई तकनीक में मरीज को बेहोश नहीं किया जाता है। उसे बिठाकर सिर के कुछ विशेष हिस्सों में खास उपकरणों से करंट दिया जाता है। मरीज को टिक-टिक की आवाज सुनने के अलावा कुछ महसूस नहीं होता। नई तकनीक का प्रभाव जानने के लिए शराब की गंभीर लत वाले 34 मरीजों को दो समूह में बांटा गया। इनके सिर पर उपकरण लगाए गए। हालांकि, पहले समूह के मरीजों को ही करंट दिया गया। इसकी तीव्रता दो मिली एंपीयर थी। एक सप्ताह में 20-20 मिनट के पांच सत्र के बाद आकलन किया गया। इसमें पाया गया कि नई तकनीक से करंट पाने वाले सभी मरीजों में शराब की लत पूरी तरह से छूट गई। करंट दिए जाने का दुष्प्रभाव भी नहीं दिखा। डॉ. अमित आर्या के मुताबिक हमारा दिमाग इलेक्ट्रिक ऑर्गन है। यह इलेक्ट्रिक सिग्नल पास करता है। इन सिग्नल में कुछ समस्या होने पर किसी चीज की लत लगना, तनाव, अवसाद जैसी समस्याएं होती हैं। दिमाग के कुछ विशेष हिस्सों में बिजली का करंट देकर इन इलेक्ट्रिक सिग्नल को पहले की अवस्था में लाया जाता है। इससे मरीज सामान्य अवस्था में आ जाता है तथा उसकी शराब की लत छूट जाती है।

डॉ. अरुंधती गैरोला, डॉ. अनिल निश्चल, डॉ. सुजीत कुमार कर, डॉ. अमित आर्या, डॉ. अमित सिंह।

- इंडियन जर्नल ऑफ सायकोलॉजिकल मेडिसिन ने मान्यता देते हुए किया प्रकाशित।

नई तकनीक की खासियत

- मरीज को बेहोश नहीं करना पड़ता।

# यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी ने संभाला कार्यभार, पुलिस के नए मुखिया बने

संवाददाता



**लखनऊ।** यूपी को लगातार चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी मिला है। स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार को प्रदेश का कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया गया है। डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को राज्य सरकार ने प्रदेश पुलिस का नया मुखिया बना दिया है। उन्होंने बुधवार शाम को कार्यभार संभाल लिया। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वर्ष 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार 16 अफसरों को सुपरसीड करके कार्यवाहक डीजीपी बने हैं। बीते करीब साढ़े तीन वर्ष से वह कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसके अलावा उनके पास ईओडब्ल्यू और स्टेट एसआईटी की जिम्मेदारी भी है। यह लगातार चौथी बार है जब यूपी में कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति हुई है। कार्यवाहक डीजीपी ने नियुक्ति के निर्णय के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। बता दें कि मूल रूप से बिहार के सीवान निवासी प्रशांत कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पसंदीदा अफसरों में शामिल माना जाता है। एडीजी जोन मेरठ रहने के दौरान उन्होंने कई अपराधियों का एनकाउंटर किया था, जिसके बाद उनको एडीजी कानून-व्यवस्था बनाया गया था। तत्पश्चात उन्होंने प्रदेश के 66 माफियाओं की सूची तैयार कर कानून का शिकंजा कसना शुरू कर दिया। उनके नेतृत्व में एसटीएफ और जिलों की पुलिस ने एनकाउंटर करने का सिलसिला जारी रखा। उल्लेखनीय है कि प्रशांत कुमार को चार बार राष्ट्रपति का वीरता पदक मिल चुका है। उन्होंने एमएससी, एमफिल और एमबीए की शिक्षा ग्रहण की है। उनकी पत्नी डिंपल वर्मा रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में रेरा में सदस्य हैं। मुकुल गोयल, आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा। यूपी में डीजीपी की नियुक्ति को लेकर अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलनेवाला है। जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, मुलाकात के बाद दिल्ली गए



संवाददाता


**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इसके बाद वह दिल्ली रवाना हो गए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शिवराज सिंह चौहान ने इस मुलाकात पर अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल देर रात लखनऊ में सौजन्य भेंट कर जनकल्याण के विविध विषयों पर सार्थक चर्चा की। शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व किया और पार्टी को बड़ी जीत दिलाई। इसके बाद डॉ. मोहन यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया।

# सम्पादकीय

## विधानसभा चुनावों की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार बनेगा सबसे बड़ा मुद्दा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। इन दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरों खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की खबरें सुर्खियों में रहीं। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर हुई। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराशि ने फिर से एक बार देश में भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है। याद कीजिए पीएम मोदी ने कहा था कि, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी लाल डायरी में दर्ज काले कारनामे तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...। राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थीं। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था। बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पूरा देश देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी। भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ़ से संसद में रखी गई जानकारी में भी ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फ़िर अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है। विशेषकर विपक्षी दलों की सत्ता वाले राज्यों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। यह विपक्षी दलों के लिए कभी भी चिंता का विषय नहीं बना। भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को विपक्ष बदले की राजनीति करार देता है। लेकिन हालिया चुनाव नतीजों से उत्साहित केंद्र सरकार इन आरोपों से दबाव में आने वाली नहीं है, ये प्रधानमंत्री मोदी ने भी साफ कर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी को जनता का साथ मिल रहा है। इस तरह उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को बड़ा मुद्दा बनाकर भुनाने के संकेत दे दिए हैं। यह निश्चित है कि जब तक विपक्षी दल भ्रष्टाचार सहित राष्ट्रहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण साफ नहीं करेंगे तब तक एकता होने के बावजूद देश के लोगों का भरोसा जीतना आसान नहीं है। भाजपा विपक्षी दलों को लगातार निशाने पर लेती रहेगी और इस बार लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार के मुद्दे की गूंज जोर शोर से सुनाई देगी।

## व्यर्थ नहीं गया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान, अदालती फैसले ने नेहरू



इसके अलावा अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि अनुच्छेद 370 को लेकर नेहरू और शेख अब्दुल्ला ने गलत फैसले किये थे और प्रधानमंत्री मोदी ने सही फैसला किया है। अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय ने सही ठहराया है। देखा जाये तो यह फैसला सिर्फ मोदी सरकार की बड़ी जीत नहीं है बल्कि इस फैसले के जरिये भाजपा ने विचारधारात्मक रूप से भी एक बड़ी राजनीतिक कामयाबी हासिल की है। हम आपको याद दिला दें कि जनसंघ के जमाने से ही भाजपा अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाने और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के प्रति संकल्पबद्ध रही है। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था %एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं हो सकते।% उस नारे को हकीकत बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया। इसके अलावा अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि अनुच्छेद 370 को लेकर नेहरू और शेख अब्दुल्ला ने गलत फैसले किये थे और प्रधानमंत्री मोदी ने सही फैसला किया है। अदालत का फैसला यह भी दर्शाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया। यदि देश की सर्वोच्च अदालत की ओर से दिये गये ऐतिहासिक फैसले को पढ़ेंगे तो स्पष्ट हो जायेगा कि कश्मीर को लेकर महाराजा हरि सिंह और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सही थे तथा नेहरू और शेख अब्दुल्ला की नीतियाँ गलत थीं। उस समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि यदि भारतीय संविधान देश के चार करोड़ मुसलमानों के लिए अच्छा है तो जम्मू-कश्मीर के 35 लाख मुसलमानों के लिए कैसे गलत हो सकता है? 370 को समाप्त हुए साढ़े चार साल हो गये और जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों ने इस दौरान विकास और तरक्की का जो नया दौर देखा हे उससे यह स्पष्ट हो गया है कि विशेष प्रावधान उनके जीवन में एक अवरोधक की तरह था। देखा जाये तो शेख और नेहरू की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के कारण भारतीय संविधान की मूल आत्मा के साथ छेड़खानी की गयी थी जिसके चलते दशकों तक जम्मू-कश्मीर के लोगों को अलगाववाद और आतंकवाद झेलना पड़ा। साथ ही, अनुच्छेद 370 मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए एकदम स्पष्ट कहा है कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। इसलिए सवाल उठता है कि क्या निजी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही कांग्रेस और उसके समर्थक दलों ने एक अस्थायी प्रावधान को 70 साल तक स्थायी बनाये रखा था? हम आपको बता दें कि संविधान के भाग ङ्गङ्गढ्ढ/21 में अनुच्छेद 370 है जिसका शीर्षक है- अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष प्रावधान। इसमें कुल 36 आर्टिकल्स हैं। अनुच्छेद 370 के मार्जिनल नोट में स्पष्ट लिखा है- जम्मू कश्मीर के संबंध में अस्थायी प्रावधान। इसके अलावा विशेष शब्द आर्टिकल 371 के संबंध में जोड़ा गया था वह भी साल 1962 में। देखा जाये तो असली समस्या नेहरू और शेख के बीच हुआ राजनीतिक समझौता थी, जिसे 1952 का दिल्ली समझौता कहा जाता है। लेकिन यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है कि यह कोई औपचारिक समझौता नहीं बल्कि दो राजनेताओं के बीच की सहमति थी। खास बात यह है कि इस सहमति का हस्ताक्षरित दस्तावेज़ आज तक उपलब्ध नहीं है। बहरहाल, जहां तक विचारधारा के स्तर पर संघ परिवार की कामयाबी की बात है तो आपको बता दें कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने देश हित में तो तमाम कदम उठाये ही साथ ही अपने संगठन की मूल विचारधारा पर आधारित दो बड़े मुद्दों को हल करने के प्रति भी सजगता दिखाई। दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर अनुच्छेद 370 को हटा दिया और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख को अलग कर दो केंद्र शासित प्रदेशों का स्वरूप प्रदान कर दिया। इसके बाद उच्चतम न्यायालय की ओर से नवंबर 2019 में अयोध्या संबंधी विवाद का हल निकाले जाने के बाद 5 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए आधारशिला रख कर दूसरा संकल्प सिद्ध किया। अब 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी और इसी के साथ सैंकड़ों वर्षों से देखा जा रहा सपना पूरा होगा। देखा जाये तो विचारधारा के आधार पर संघ परिवार का एकमात्र बड़ा संकल्प %समान नागरिक संहिता% को देश में लागू करना बचा हुआ है। भाजपा शासित राज्यों ने इस दिशा में कदम बढ़ाये हैं और केंद्रीय विधि आयोग भी इस मुद्दे पर देशवासियों की राय ले चुका है इसलिए कहा जा सकता है कि यह संकल्प भी जल्द ही सिद्ध होगा।

-नीरज कुमार दुबे

## कांग्रेस लगातार एक से बढ़ कर एक ऐतिहासिक भूल कर रही है!

कांग्रेस का कदम उसकी उसी पारंपरिक राजनीति का विस्तार माना जा सकता है, जिसमें वह सांप्रदायिकता विरोध की राजनीति को धार देने का दावा करती रही है। जिसके जरिए वह अल्पसंख्यकवाद को ही पल्लवित और पुष्पित करती रही है। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी में कोई समानता हो सकती है? सांप्रदायिकता और मोदी विरोध के नाम पर दोनों दल करीब दो दशक से साथ हैं। करीब ढाई दशक पहले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को केंद्र सरकार बनाने का मौका मिला, लेकिन पार्टी ने उसे नकार दिया। तो क्या कांग्रेस भी वैसी ही ऐतिहासिक भूल कर रही है? कांग्रेस को लेकर यह सवाल राजनीतिक हलकों में उसके हालिया कदम के बाद पूछा जा रहा है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस को बुलावा भेजा था। पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को समारोह में शामिल होने का बुलावा मिला। इस समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस कुछ दिनों तक उहापोह में रही। आखिर में उसने इस समारोह के आमंत्रण को ही एक तरह से ठुकरा दिया। करीब ढाई दशक से कथित सांप्रदायिकता के इर्द-गिर्द राजनीतिक विमर्श चल रहा है, उसकी वजह से एक सियासी हलके के एक वर्ग को कांग्रेस का यह कदम ऐतिहासिक और मजबूत लग रहा है। लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है, जिसे लगता है कि कांग्रेस ने इस आमंत्रण को ठुकरा कर ऐतिहासिक गलती की है। इतिहास का प्रमाणित तथ्य है कि अयोध्या के विवादित ढांचे का ताला कांग्रेस ने ही खुलवाया। शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद के जरिए पलटने के बाद मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सवालों के घेरे में आई तत्कालीन राजीव सरकार ने ताला खुलवाकर एक तरह से सियासी पासा फेका था। उसे ऐसा लगा कि कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों में इस दांव से नाराज पड़े हिंदू मतदाताओं को साधा जा सकेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चुनाव नतीजों में कांग्रेस सबसे बड़ा दल भले ही बनी, लेकिन बहुमत की संख्या से काफी पीछे चली गई। तब शिलान्यास और ताला खुलवाने को कांग्रेस के अंदर की कट्टर सेकुलरवादी सोच ने गलत बताना शुरू किया। राममंदिर तब से कांग्रेस की नजर में सांप्रदायिकता का प्रतीक बनता चला गया। लेकिन सवाल यह है कि क्या इसका कांग्रेस को फायदा मिला? लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक फैसलों का आकलन आखिरकार मतदान में मिले समर्थन से ही आंका जाता है। कांग्रेस में ही एक तबका ऐसा है, जिसे लगता है कि बाबरी ध्वंस हुए तीन दशक से ज्यादा हो गए। तब से लेकर अब तक सरयू में काफी पानी बह चुका है। इसलिए इस मुद्दे पर पार्टी को अलग रवैया अख्तियार करना चाहिए। हालांकि उस वर्ग की पार्टी में कम सुनी जाती रही। इसका ही नतीजा रहा कि सर्वोच्च न्यायालय में राममंदिर को लेकर जारी मुकदमे में



विरोध में उतरे नेताओं ने राम को काल्पनिक पात्र बताने में हिचक नहीं दिखाई। मीर बाकी ने मंदिर ध्वस्त करके मस्जिद बनवायी थी, उस तथ्य को भी कांग्रेस का प्रभावी तबका नकारता रहा। कांग्रेस के इस कदम को उत्तर भारत के मतदाताओं के एक बड़े वर्ग ने चिढ़ाने के अंदाज में लिया। निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी को इसका भी फायदा मिला। विगत दस सालों से केंद्र की सत्ता पर वह काबिज जिन वजहों से है, उसमें एक वजह यह भी है। लेकिन कांग्रेस के बौद्धिक सलाहकारों का प्रभावी तबका इस तथ्य को या तो समझ नहीं रहा है या फिर समझते हुए भी जानबूझकर नकार रहा है। 22 जनवरी के आयोजन को लेकर देशभर में भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर जमीनी स्तर पर जिस तरह आम लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह सिर्फ सनातन आस्था का उभार का प्रतीक ही नहीं है। बल्कि यह उत्साह एक तरह से भावी चुनावों की बानगी भी पेश कर रहा है। कांग्रेस ने जिस तरह आमंत्रण को ठुकराया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है, मानो वह जमीन पर जारी इस उत्साह को समझ नहीं पा रही है।

कांग्रेस का कदम उसकी उसी पारंपरिक राजनीति का विस्तार माना जा सकता है, जिसमें वह सांप्रदायिकता विरोध की राजनीति को धार देने का दावा करती रही है। जिसके जरिए वह अल्पसंख्यकवाद को ही पल्लवित और पुष्पित करती रही है। ध्यान देने की बात है कि ऐसा करने के बावजूद राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद राजनीतिक संख्या बल के लिहाज से ताकतवर उत्तर भारत के राज्यों में कांग्रेस का समर्थक आधार लगातार कमजोर होता चला गया है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में तो भाजपा विरोध का उसकी बजाय समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे दलों को फायदा मिला है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद हैं। इन दोनों राज्यों में लोकसभा की 120 सीटें आती हैं। लेकिन कांग्रेस के पास महज दो सीटें ही हैं। अतीत में उत्तर भारत में कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और अल्पसंख्यक वोटरों के समीकरण से तैयार राजनीतिक रसायन से सत्ता का मुरब्बा तैयार करती रही है। लेकिन राममंदिर आंदोलन के बाद उसका ब्राह्मण वोट बैंक छिटक गया, जिन अल्पसंख्यकों के लिए समर्थन के लिए वह राममंदिर आंदोलन को सांप्रदायिकता की आंच में पकाती रही, वे अल्पसंख्यक भी उसके साथ नहीं रहे। मौजूदा दौर में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न हो पाने का सियासी नफा-नुकसान क्या हो सकता है, यह उत्तर की बजाय कांग्रेस के दक्षिण के क्षत्रप ज्यादा समझ रहे हैं। शायद यही वजह है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर अप्रत्यक्ष तौर पर उम्मीद दिखाने से परहेज नहीं किया। बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में जीत मिली। इसके बाद कांग्रेस ने नया नैरेटिव पेश किया। कांग्रेस का कहना था कि विंध्य के दक्षिण के मतदाताओं पर सांप्रदायिकता का असर नहीं होता। वे जमीनी मुद्दों पर मतदान करते हैं, जबकि उत्तर के मतदाता सांप्रदायिकता, धर्म और जाति पर मतदान करते हैं। हालांकि यह भी अधूरा सच ही है। चूंकि भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण के राज्य अब भी प्रश्न प्रदेश बने हुए हैं, इसलिए कांग्रेस ऐसी सोच रखती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दक्षिण के राज्यों के ही सहारे वह केंद्रीय राजनीति की धुरी बन सकती है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। कांग्रेस को शायद यह लग रहा है कि अगर वह सांप्रदायिकता विरोध की जमीन पर खड़ी रहेगी तो सवर्ण मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग अब भी ऐसा है, जो उसकी ओर खिंचा चला आ सकता है और अल्पसंख्यक वोटरों का समर्थन उसे थोक में मिल सकता है। हालांकि विगत दो-ढाई दशकों का चुनाव नतीजों के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि पार्टी आलाकमान को राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए था। उसे बताना चाहिए था कि राम सबके हैं। संयोग से भाजपा ने राम को लेकर यही नारा भी दिया है। प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर पार्टी राममंदिर पर भाजपा के स्टैंड में किंचित सेंध लगा सकती थी। कांग्रेस के ही एक धड़े का यह भी मानना है कि प्रतिष्ठा समारोह की बजाय पार्टी आलाकमान को अगले दिन राममंदिर के परिसर में अपने समर्थकों के साथ दर्शन का कार्यक्रम बनाना चाहिए था। कांग्रेस आलाकमान तब यह भी बयान दे सकता था कि राम उसके लिए राजनीति के माध्यम नहीं हैं, बल्कि उसके भी पूज्य हैं। पार्टी में ऐसी समझ रखने वाला तबका आलाकमान के फैसले से निराश है। उसे लगने लगा है कि जमीनी स्तर पर मंदिर को लेकर जारी उत्साह के चलते पार्टी का यह कदम उसे भारी पड़ सकता है। आखिर में एक बार सीपीएम से कांग्रेस की तुलना की बात..1996 में सत्ता को नकारने वाली सीपीएम ने बाद के दिनों में अपने उस कदम को ऐतिहासिक भूल करार दिया था। कांग्रेस ने जिस तरह राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होने का फैसला किया है, उससे उसकी चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो क्या वह सीपीएम की तरह मानेगी कि उसने ऐतिहासिक भूल किया था। वैसे उसके कार्यकर्ताओं का एक वर्ग तो अभी से ही ऐसा मानने लगा है। चौपाल-चौराहों की चर्चाओं में यह सोच प्रतिध्वनित होने भी लगी है।

## एक राष्ट्र एक चुनावः निर्वाचन में स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ खजाने का बोझ कम करने की मंशा

प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। निर्वाचन अर्थात जन प्रतिनिधियों का चुनाव प्रतिनिधि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह सर्वविदित है कि भारत प्रतिनिधि लोकतंत्र का सर्वोत्तम उदाहरण है, क्योंकि यह न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यह सबसे सफल लोकतंत्रों में से भी एक है। भारत में निर्वाचन की एक और बड़ी विशेषता यह भी है कि यहां एक आदर्श संसदीय प्रणाली की भांति प्रत्यक्ष और परोक्ष, दोनों ही प्रकार के निर्वाचन का मिश्रित प्रावधान है। प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत एकल संक्रमणीय पद्धति का प्रयोग जिला परिषद, विधान परिषद, राज्यसभा, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में किया जाता है। यहां यह उल्लेख भी समीचीन होगा कि संरचना की दृष्टि से भारत एक संसदीय परिसंघ है। अतः राज्यों में निर्वाचन भी संसदीय निर्वाचन के समान महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन को एक साथ (एक तिथि पर या एक निश्चित समय सीमा के भीतर) कराया जाए, तो कदाचित इससे न केवल निर्वाचन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकती है, बल्कि राज्य के खजाने पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव को भी कम किया जा सकता है। %एक राष्ट्र एक चुनाव% की अवधारणा के पीछे यही मंशा है। इस रूप में इसकी संरचनात्मक प्रासंगिकता पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता। सितंबर, 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर उसे इसकी व्यवहार्यता बताने की जवाबदेही दी गई थी। समिति द्वारा 'मैक्रोइकनॉमिक इंपैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंसेज फ्रॉम इंडिया% नामक शोध पत्र के आधार पर यह संकेत दिया गया है कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी, और पूंजी व राजस्व पर व्यय में सरकारी निवेश अधिक होगा। निर्वाचन आयोग और अन्य अंशधारकों के साथ की गई वार्ताओं से प्रेरित होकर समिति ने जनता से इस विषय पर राय मांगी थी। हाल ही में एक उत्साहवर्धक आंकड़ा सामने आया है। लगभग 81 प्रतिशत सुझाव %एक राष्ट्र एक चुनाव% के पक्ष में है। निश्चित रूप से सरकार के लिए यह एक बड़ा प्रेरणा स्रोत होगा। लेकिन अब भी मंजिल पाना बहुत सरल नहीं है। एक ओर इसका विरोध करने वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबोधित करना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर इसके सांविधानिक पक्षों पर गौर करना भी अनिवार्य है। ध्यातव्य हो कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव कराए जाते रहे थे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ राज्यों की विधानसभाओं के भंग हो जाने के कारण यह परंपरा टूट गई। इस पूरी प्रक्रिया में यही मुद्दा सबसे गंभीर है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े पैमाने पर एक साथ चुनाव कराने के लिए ईवीएम, लॉजिस्टिक समर्थन और अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता भी एक बड़ी चुनौती होगी। गौरतलब है कि इस प्रस्ताव को सांविधानिक आधार देना सबसे महत्वपूर्ण होगा, जो भारत में संविधान की सर्वोच्चता और विधि के शासन के प्रचलन के अनुरूप होगा। इसके लिए कई सांविधानिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता होगी। सबसे पहले, अनुच्छेद 83 और 85, जो क्रमशः संसद के सदनों की अवधि और राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करने से संबंधित है, में संशोधन की आवश्यकता है। इसी प्रकार, अनुच्छेद 172, जो राज्य विधानमंडलों की अवधि से संबंधित है और अनुच्छेद 174 राज्य विधानमंडलों के विघटन से संबंधित है, में भी संशोधन आवश्यक है। एक और प्रावधान, जिसमें संशोधन की आवश्यकता होगी वह अनुच्छेद 356 है, जो राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित है। ध्यातव्य हो कि एक संसदीय समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग सहित विभिन्न हितधारकों के परामर्श से एक साथ चुनाव के मुद्दे की जांच की थी। इन प्रावधानों में सबसे महत्वपूर्ण अनुच्छेद 83 है, जिसमें भारत के परिसंघीय ढांचे के स्थायित्व के लिए राज्यसभा को तो स्थायी सदन बनाया गया है, लेकिन संसदीय तंत्र और प्रतिनिधि लोकतंत्र की व्यावहारिकता के लिए लोकसभा का पांच वर्षीय कार्यकाल उल्लिखित है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यदि इसके विघटन पर रोक लगाने का प्रावधान किया जाएगा, तो यह संविधान के विरुद्ध होगा। ऐसी स्थिति में यदि कार्यकाल के पूर्व विघटन की घटना होती है, तो चुनावी चक्र बाधित हो जाएगा।

# सेम डे डिलीवरी की सुविधा देगा फ्लिपकार्ट



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में लाखों ग्राहकों के फायदे को देखते हुए फ्लिपकार्ट कई श्रेणियों में प्रोडक्ट्स की सेम डे डिलीवरी की सु जीवी विधा शुरू करने जा रहा है इसके तहत अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लुधियाना, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे, पटना, रायपुर, सिलिगुड़ी और विजयवाड़ा में जो ग्राहक दोपहर एक बजे से पहले ऑर्डर प्लेस करेंगे उन्हें उसी रात 12 बजे से पहले प्रोडक्ट डिलीवर कर दिया जाएगा। फरवरी से इस पहल की शुरुआत की जा रही है और आने वाले महीनों में धीरे-धीरे पूरे देश में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन कस्टमर एक्सपीरियंस एवं रीकॉमर्स बिजनेस के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा हमने 2024 में कदम रख दिया है। इस नए साल में देशभर में लाखों ग्राहकों को ऑर्डर प्लेस करने वाले दिन ही लाखों प्रोडक्ट्स की डिलीवरी पाने की खुशी मिलेगी हम इस बात को समझते हैं कि मेट्रो ही नहीं बल्कि नॉन-मेट्रो शहरों के ग्राहक भी फ्लिपकार्ट पर शॉपिंग करना पसंद करते हैं इसीलिए हम 20 शहरों में सेम डे डिलीवरी की सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे ग्राहकों को संतुष्टि देने के मामले में अग्रणी रहने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी। आगामी महीनों में हम इसे और विस्तार देंगे, जिससे बड़े अप्लायंस समेत ज्यादा से ज्यादा कैटेगरी और ज्यादा से ज्यादा शहरों को इसमें जोड़ते हुए ग्राहकों की खुशी बढ़ाई जा सके।

उन्होंने आगे कहा हमारा लक्ष्य अपने सप्लाई चेन नेटवर्क को बेहतर बनाते रहना है जिससे मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में बराबर इफिशिएंसी के साथ रोजाना हमारे सेलर्स एवं ग्राहकों के लाखों ऑर्डर को सुगमता से प्रोसेस किया जा सके। हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी में निवेश किया है, डाटा एनालिटक्स का लाभ उठाया है और डिमांड पैटर्न को लेकर समझ विकसित की है, जिससे हम ऑर्डर प्लेस करने वाले दिन ही डिलीवरी करने के लिए पूरी तरह तैयार हो पाए हैं। मैं अपनी टीम के कठिन परिश्रम और समर्पण का भी उल्लेख करना चाहता हूं, जिन्होंने इस सपने को सच करने की दिशा में अथक योगदान दिया है। इन श्रेणियों में ग्राहकों को मिलेगी सेम डे डिलीवरी की सुविधाः फ्लिपकार्ट की इस पहल के तहत ग्राहकों को मोबाइल्स, फैशन, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, लाइफस्टाइल, किताब, होम अप्लायंस और इलेक्ट्रॉनिक्स की श्रेणी में उत्पादों की सेम डे डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। इससे ग्राहकों के लिए अपनी जरूरत के कई उत्पाद एक ही दिन के भीतर पाना संभव हो

# डिप्टी सीएम ने सास्वत यादव और सुयश यादव को किया सम्मानित

## सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर



**द अचीवर टाइम्स**

**मछलीशहर, जौनपुर।** मुंबई में आयोजित सेमिनार में अल्मुनियम उत्पादन के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली कंपनी आर वाय के निदेशक इंजिनियर सास्वत यादव एवं सुयश यादव को मुंबई प्रदेश के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सम्मानित किया। इस कंपनी का अटल सेतु के निर्माण में विशिष्ट योगदान रहा है। यह कंपनी अंबरनाथ (ठाने) मे अपनी विशिष्टता और गुणवत्ता हेतु पहचानी जाती है।आपको बता दे कि क्षेत्र के जमालपुर निवासी व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे स्व.गंगादीन यादव के सुपुत्र सास्वत यादव एवं उद्योजक व भवन निर्माता राजेश यादव के सुपुत्र सुयश यादव सम्मानित होने पर सांसद सीमा द्विवेदी, उत्तर प्रदेश सरकार मे मंत्री गिरीश यादव, विधायक रमेश सिंह, पूर्वमंत्री जगदीश सोनकर, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, मछलीशहर क्षेत्र पंचायत के प्रमुख गोपेश यादव,अनिल नरेंद्र उपाध्याय,भाजपा नेता पूर्व पार्षद जालिंदर पाटिल, दिनेश दुबे,श्रीधर मिश्रा,भरत तिवारी,आई पी मिश्रा, शेषमणि यादव, बालकृष्ण मिश्र,समेत सैकड़ो लोगो ने शुभकामनाए दी है।

# कमिश्नर साहब आपके आदेश के चौदह दिन बाद भी नही छूट रहा एस आई रमेश कुमार सोनकर का रहीमाबाद थाने से मोह

## धुरंधर रमेश कुमार सोनकर कमिश्नर को दिखा रहे ठसक






**द अचीवर टाइम्स (ब्यूरो)**

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के रहीमाबाद थाने के उप निरीक्षक रमेश कुमार सोनकर के आगे लखनऊ कमिश्नर का आदेश नतमस्तक दिख रहा है,रमेश कुमार सोनकर रहीमाबाद थाने की मलाई दार कुर्सी नही छोड़ रहे हैं। आपको बता दें कि जिसकी लाठी, उसकी भैंस, वाली कहावत पुलिस विभाग के उप निरीक्षक रमेश कुमार सोनकर पर सही सटीक बैठ रही है।रमेश कुमार सोनकर रहीमाबाद थाने पर उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे,अटारह जनवरी को उनका तबादला मध्य जोन हो गया था,लेकिन कमिश्नर साहब के आदेशों अवहेलना करते हुए,रमेश कुमार सोनकर रहीमाबाद थाने से कुर्सी नहीं छोड़ रहे हैं।

**हर तरफ चर्चा**

उप निरीक्षक रमेश कुमार सोनकर अपनी ठसक दिखाते हुए कमिश्नर के आदेश पर भारी पड़ रहे हैं। आखिरकार स्थानांतरण सूची जारी

## एक नज़र

### सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर दी गई विदाई



**द अचीवर टाइम्स**

**माल।** एसपी खीरी के द्वारा पुलिस आफिस में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस ऑफिस खीरी में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया।एसपी के द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की गई। समारोह में उपस्थित अन्य अधिकारीगणों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की गई।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के नाम व पद –**

1. उ0नि0 ना0पु0 श्याम नारायण राम
2. उ0नि0 बुद्धराज सिंह
3. मु0आ0 धनंजय सिंह
4. फायरमैन रामचन्द्र

### जंगली जानवर ने गाय को बनाया निवाला ग्रामीणों में दहशत



**द अचीवर टाइम्स (ब्यूरो)**

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार देर रात जंगली जानवर ने हमला कर घर के बाहर बंधी गाय को शिकार बना डाला। इसके बाद से ग्रामीणों में दहशत है। बुधवार को ग्रामीणों ने बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दिया। उधर जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर के पगमार्क के नमूने लेकर ग्रामीणों को सजग रहने की चेतावनी दी है। आपको बता दें कि माल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा भद्राही के गंगाखेड़ा गांव निवासी कुलदीप सिंह की गाय मंगलवार रात घर के बाहर बाड़े में बंधी थी। देर रात किसी जंगली जानवर ने गाय पर हमला कर उसको अपना शिकार बना डाला।जब सुबह लगभग साढ़े बारह बजे घर वाले बाहर निकले तो तब देखा कि गाय मृत अवस्था में पड़ी थी। शव के गर्दन के हिस्से में किसी जानवर के पंजे के निशान और वहां का मांस गायब मिला। कुछ ही देर में आसपास इलाके में जंगली जानवर की दहशत फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व वन विभाग टीम के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गयी।

पगमार्क लेकर खेतों में खाक छानती रही टीम घटनास्थल के आसपास और गांव के किनारे खेतों से जानवर के पगमार्क लेकर टीम ने जंगली जानवर होने का संदेह जताया। जानवर का पता चलने तक टीम ने बच्चों को अकेले बाहर नहीं जाने और ग्रामीणों से सजग रहने की अपील की। उधर जंगली जानवर की दहशत से बुधवार को पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शाम को अंधेरा होने से पहले ही ग्रामीण घर पहुंच गए। मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए ग्रामीणों ने रतजगा करने की तैयारी की है।

**क्या बोले परिजन**

ग्राम पंचायत पारा भद्राही के गंगा खेड़ा गांव निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार व बुधवार की रात्रि में घर के बाहर बंधी गाय को तेंदुए द्वारा निशाना बनाया गया।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि पगमार्क से ऐसा प्रतीत होता है कि जंगली जानवर भेड़िया ये लकड़बग्घा हैं। साथ ही ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की।

### राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले में चमकी मजदूर की बेटी पूजा

**बाराबंकी।** गांव के सरकारी स्कूल में पढ़कर धूल रहित थ्रेशर का मॉडल बनाने वाली मजदूर की बेटी पूजा ने राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेला व प्रदर्शनी में अपना लोहा मनवाया है। पूजा अपने गाइड टीचर राजीव श्रीवास्तव के साथ 30 जनवरी को दिल्ली पहुंची, जहां उसे सम्मानित किया गया। सिरौली गौसपुर ब्लॉक के ग्राम अगेहरा के मजदूर पुत्तीलाल की बेटी पूजा ने गांव के ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा रहते हुए धूल रहित थ्रेशर का मॉडल बनाया था। जिसे जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में चुना गया। बीते 11 अक्तूबर 2023 को इंस्पायर अवार्ड की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी विजयी घोषित किया जा चुका है। अब विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की ओर से आयोजित आईआरआईएस योजना की राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी व मेले में फतेह चन्द जगदीश राय इंटर कालेज , सफदरगंज की छात्रा के तौर पर पूजा और उनके गाइड टीचर राजीव श्रीवास्तव ने अपने मॉडल का प्रदर्शन 30 जनवरी को किया। देशभर से आए 100 रिसर्च प्रोजेक्ट में स्थान बनाकर पूजा ने जिले का मान बढ़ाया। बीएसए संतोष देव पांडेय ने बताया कि पूजा ने सरकारी स्कूल के महत्व को रेखांकित किया है।

# सरकारी नलकूप खराब होने से किसानों में आक्रोश

❖ महीनो से खराब पड़े सरकारी नलकूप की वजह से लगभग सौ एकड़ भूमि की सिंचाई बाधित ।।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**सरकारी नलकूप खराब होने से किसानों में भारी आक्रोश..**

**माल।** उत्तर प्रदेश देश में सरकार खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं सरकारी नलकूप खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में किसानों को सिंचाई के लिए बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है या वे निजी संसाधन से खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। ऐसे में उनका आर्थिक बजट बिगड़ रहा है। आपको बता दे राजधानी के विकासखंड माल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के गांव का मामला है। यहां पर सन् 1990 में राजकीय नलकूप स्थापित किया गया था। नलकूप आने से किसानों को खेती करने बहुत आसानी हो गई थी। लेकिन ट्यूबवेल संख्या 77 एम जी लगभग बीते 2 महीने से खराब पड़ा है कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सक्षम अधिकारी देखने तक नहीं आया। बोरिंग फेल होने से इस क्षेत्र के लगभग सौ एकड़ भूमि की सिंचाई बाधित हो रही है। इसके चलते किसानों को परेशानी के साथ ही निजी संसाधनों से सिंचाई करने में आर्थिक चपत भी लग रही है।

वहीं स्थानीय किसान अचल गुप्ता,हरछठि,भागीरथ मौर्य,रघुनाथ रावत,बेचालाल मौर्य,महिपाल, बराती लाल,सतीश सिंह, यशवीर सिंह,जंगली,हासिम,नौमीलाल कनौजिया ने बताया की इससे संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# एसपी बहराइच ने जिला सत्र न्यायालय बहराइच का किया गया औचक निरीक्षण तथा सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

**द अचीवर टाइम्स**





**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा जिला सत्र न्यायालय बहराइच का औचक निरीक्षण किया गया, दौरान निरीक्षण महोदय द्वारा न्यायालय परिसर मे लगे सी0सी0टी0वी0 मानिटिरिंग रुम, न्यायालय के चारों मुख्य द्वारों, बैग स्कैनर, मेटल डिटेक्टर गेट चेकिंग व सेशन हवालात की जांच की गयी तथा मानिटिरिंग रुम मे उपस्थित समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, न्यायालय के मुख्य द्वारो लगे सुरक्षा कर्मियों को चुस्त दुरुस्त ड्यूटी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व बैग स्कैनर /हैड मेटेल डिटेक्टर गेट पर लगे ड्यूटीरत कर्मियों को परिसर मे आने जाने वाले जनमानस की सघन चेकिंग व जांच हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । एसपी द्वारा ड्यूटी पर मौजूद महिला आरक्षीगण को महिलाओं की बापर्दा चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जिससे परिसर मे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके । सी0सी0टी0वी0 मानिटिरिंग रुप पर लगे समस्त कर्मचारीगण को परिसर मे प्रवेश करने वाले आसामाजिक गतिविधियों वाले व्यक्तियों की विशेष निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जिससे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मे कोई व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

# सनातन संस्कृति के अनुसार मनाया प्रथम वर्षगांठ



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**उन्नाव।उन्नाव** जनपद में समाजसेवी उमेश शर्मा ने शादी की प्रथम वर्षगांठ सनातन संस्कृति के अनुसार अखंड रामायण पाठ कर मनाया। आपको बता दें कि उन्नाव जिले के हसनगंज तहसील के अंतर्गत बीबीपुर चिरियारी गांव में समाजसेवी उमेश शर्मा ने अपनी शादी की प्रथम वर्षगांठ सनातन संस्कृति के अनुसार मनाया।वर्षगांठ के एक दिन पूर्व अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर अधिवक्ता सुजीत शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म का मूल सार पूजा,जप-तप,दान,सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा और यम-नियम हैं। ऐसा कहा जाता है कि देवों, ऋषि-मुनियों और यहां तक कि साधारण मनुष्य ने भी इसी मार्ग पर चलकर अपना उत्थान किया है। सनातन में ? को प्रतीक चिह्न माना जाता है।

# डीएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट**





**लखीमपुर खीरी।** कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कर जेल प्रशासन को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक मिलने पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। इस दौरान उन्होंने बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी।

इस दौरान डीएम ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी (धौरहरा) पीपी सिंह, कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, चिकित्सक डॉ0 दीपांकर रावत व डॉ0 शिवपूजन मौजूद रहे।

# फर्जी ग्राहक बनकर फिलिपकार्ड,एमेजॉन व अन्य वेबसाईटो से महंगे मोबाइल, लैपटाप व टैब मंगाकर गबन करनें वाला ठग गिरफ्तार

## 20 लाख रुपए के विभिन्न कम्पनी के 31 मोबाइल फोन बरामद

**द अचीवर टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट**
**चेतन कुमार**





**हापुड़।** जनपद हापुड़ के थाना धौलाना निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर फर्जी तरीके से मोबाइल फोन, लैपटाप व टैबलेट इत्यादि सामान को गबन करने की घटना में वांछित आरोपी कम्पनी कर्मचारी को किया गिरफ्तार। जिसके कब्जे से विभिन्न कम्पनी के 31 मोबाइल फोन (कीमत करीब 20 लाख रुपये) बरामद किए गये हैं तो वहीं पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि थाना धौलाना द्वारा मु0अ0सं0 298/2023 धारा 420,409,419,411भादवि में वांछित अभियुक्त सौरभ पुत्र मुकेश निवासी ग्राम समाना थाना कपूरपुर जनपद हापुड को गुलावठी रोड़ ग्राम नन्दपुर के पास से थाना धौलाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है तो वही गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं तथा मेरे अन्य साथी ई-कॉम एक्सप्रेस (डिलीवर कम्पनी) कस्बा धौलाना में काम करते हैं। हम लोग फर्जी ग्राहक बनकर फिलिपकार्ड, एमेजॉन व अन्य वेबसाईट से महंगे मोबाइल, लैपटाप, टैब व अन्य सामान कैशऑन डिलीवरी पर आर्डर करते थे तथा जब वह मोबाइल डिलीवरी के लिए ई-कॉम एक्सप्रेस कंपनी में आते थे तो डिलीवरी कोड डालकर उन मोबाइल को अपने पास ही रख लेते थे। करीब दो-ढाई महीने से हम इस काम को कर रहे थे। हमने करीब 93 मोबाइल, 24 लैपटॉप व टैबलेट आदि उक्त कंपनियो से ऑनलाईन मगांये थे, जिनमें से 62 मोबाइल फोन, 24 लैपटॉप व टैबलेट आदि को दुकानों पर बेचकर आर्थिक लाभ कमा चुके हैं।

# तिलहर विधान सभा कई बूथ सेक्टरों में कैडर मीटिंग संपन्न हुई मुख्य अतिथि संतपाल गौतम



**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर।** तिलहर विधानसभा के ग्राम पिपरिया दास में सेक्टर बबोरी और सेक्टर मुड़िया पवार 2 सेक्टर की कैडर मीटिंग हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी संतपाल पाल गौतम दूसरे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पाध्यक्ष सरजील अहमद राईन विधानसभा प्रभारी प्रमोद कुमार गौतम सकूलिया विधानसभा अध्यक्ष नीरज गौतम सेक्टर अध्यक्ष अशोक कुमार सेक्टर अध्यक्ष निराशाराम जी शजगदीश प्रसाद जी पूर्व प्रधान पचपेड़ा परविंदर राम नरेश जी परसराम विनोद कुमार मुन्नालाल बाबूराम सोहन लाल महिपाल अरविंद अमित रमेश वीरेश प्रदीप अवनीश जी राम नरेश जी आदि लोग मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन ही हराएगा भाजपा को चुनाव :अखिलेश

## भाजपा ने बेईमानी से जीते चुनाव, प्रदेश मे होगा सफाया

❖ बुआ से कोई नाराजी नहीं, चाचा भी लड़ेंगे लोकसभा चुनाव।

संवाददाता



**मैनपुरी।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। साथ ही चाचा शिवपाल भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं बसपा सुप्रीमो मायावती से कोई नाराजी न होने की बात कही। इतना ही नहीं उन्होंने भाजपा पर सीधा हमला बोला और आरोप लगाया कि भाजपा बेईमानी से अब तक चुनाव जीतती आयी है इसका जीता जागता उदाहरण चंडीगढ़ मेयर का चुनाव बताया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन से लोकसभा चुनाव लड़ेगी उन्होंने उन सीटों पर लोकसभा उम्मीदवारो की सूची जारी की है जो सपा के खाते मे आनी है। श्री यादव ने कहा कि 2024के लोकसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन ही चुनाव भाजपा गठबंधन को परास्त करेगा। उन्होंने कहा बसपा सुप्रीमो मायावती से उनकी कोई नाराजी नहीं है बो बड़ी नेता है उनका हमेशा सम्मान किया है आज भी करते है लेकिन इस वार इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया कर देगा।

**भाजपा भूमाफियों की पार्टी वनी**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर करारा हमला करते हुए कहा कि भाजपा के नेता खुले आम जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे है यह बात स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ स्वीकार कर चुके है। उन्होंने आगरा और गोरखपुर के उदाहरण दिए।

**भाजपा सरकार मे किसी को नहीं मिलरहा न्याय**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी बाबा की सरकार मे गुंडों, माफियाओ के हौसले बुलंद है। न्याय न मिलने पर मैनपुरी जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष किसान परिवार ने न्याय न मिलने से दुखी होकर आत्म दाह करने का प्रयास किया

**अखिलेश नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव**

सपा प्रमुख अखलेश यादव ने कहा है कि वे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे चाचा शिवपाल सिंह यादव जिस जगह से लड़ेंगे उसकी घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी।

## थाना खीरी पुलिस द्वारा, एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 31.01.2024 को मुखिबर की सूचना पर थाना खीरी पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभि0 सत्यम भास्कर पुत्र जगमोहन लाल भास्कर निवासी ग्राम हरदासपुर थाना व जनपद खीरी को सम्बन्धित मु0अ0सं0 16/24 धारा 354(घ)/ 506 भादवि व 11(4)/12 पॉक्सो एक्ट को गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 लाल जी थाना व जनपद खीरी का0 अमित कुमार थाना व जनपद खीरी का0 राजेश कुमार थाना व जनपद खीरी।

## रंग रंग में बसता प्यारा हिन्दुस्तान में सहभागिता के लिए राम मोहन गुप्त को देशभक्त साहित्यकार सम्मान

संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** पच्चीस जनवरी से सत्ताईस जनवरी के मध्य शब्दों की दुनिया साहित्यिक मंच द्वारा वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित किए गए रग रग में बसता प्यारा हिंदुस्तान कार्यक्रम में सराहनीय सहभागिता के लिए राम मोहन गुप्त को संस्था द्वारा देश भक्त साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया है।75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर साहित्यिक संस्था शब्दों की दुनिया द्वारा आयोजित किए गए देश भक्ति गीत सृजन कार्यक्रम में नगर लखीमपुर के साहित्यकार राम मोहन गुप्त द्वारा भी करके मेरे रक्त की बूंद बूंद में हिंदुस्तान शीर्षक कविता के माध्यम से सक्रिय सहभागिता की गई थी जिसके प्रतिफल में श्री गुप्त को संस्था की संस्थापक सुनीता रमन, आयोजन के समन्वयकों डा विनोद मिश्रा एवं सीमा जैन द्वारा देशभक्त साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया है। स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त राम मोहन गुप्त एक ओर जहां विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से संबद्ध, कुशल वक्ता और प्रेरक प्रशिक्षक के रूप में जाने जाते हैं वहीं साहित्य सृजन और वर्चुअल काव्य मंचों में सहभागिता के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। हाल ही में स्वप्न हुए साकार नाम से उनका एक काव्य संग्रह भी प्रकाशित हुआ है जिसे भी काफी सराहा गया है। श्रीगुप्त को प्राप्त उपरोक्त सम्मान के लिए इष्ट मित्रों द्वारा शुभेच्छाएं दी गई है।

## एक नज़र

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर-खीरी द्वारा की गयी

संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर-खीरी में दिनांक 31/01/2024 को शिशिक्षु मेला का आयोजन किया गया, जिसमे तीन अधिष्ठानों/कम्पनियों के माध्यम से 25 अभ्यार्थियों के सापेक्ष 6 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। मेले की अध्यक्षता श्री वाई0डी0सिंह प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर-खीरी द्वारा की गयी एवं अप्रैन्टिस मेले में आई0टी0आई0 लखीमपुर-खीरी के अप्रैन्टिस प्रभारी श्री विनोद कुमार, एवं समिति सदस्य श्री अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा विशेष योगदान प्रदान किया गया।

### दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत जनपद लखीमपुर खीरी के विकास खण्ड ईशानगर में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मा0 विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी के प्रतिनिधि शश्रीकान्त मिश्रा, विधानसभा प्रभारी भा0ज0पा0 की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारम्भ किया गया और वहां पर उपस्थित प्रशिक्षार्थियों से कहा कि सरकार लगातार युवाओं एवं अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रही है, कौशल विकास का अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। युवाओं को इससे पूरी मजबूती से जुड़ना चाहिए। वर्तमान में विकास की ओर अग्रसर भारत देश में रोजगार पाने के लिए आपको किसी न किसी कौशल में निपुण होना पडेगा तभी आपको रोजगार उपलब्ध हो पायेगा। इस अवसर पर अतिथि द्वारा लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये मेले में 05 प्रतिष्ठित कम्पनियों तथा 150 से अधिक युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें से विभिन्न कम्पनियों द्वारा 117 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।मेले की अध्यक्षता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लखीमपुर खीरी के कार्यदेशक श्री विनोद कुमार एवं मंच का संचालन डी.पी.एम. मंगला प्रसाद त्रिवेदी द्वारा किया गया इस मौके पर सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारीगण रा0औ0प्रशिश्र संस्थान, लखीमपुर के कर्मचारी राजकुमार,सुशील कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### पैदल जा रहा युवक चलते-चलते आया हार्ट अटैक अचानक सड़क पर गिरा वहाँ से गुजर रही कार ने रौंदा हालत गंभीर

**अजान-खीरी।** लखीमपुर के हीरालाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन रोड पर ओवर ब्रिज के निचे पैदल चल रहे युवक को चलते-चलते आये हार्ट अटैक से अचानक सड़क पर गिर पड़ा। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही वहां से निकल रही कार ने युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में युवक को जिला अस्पताल मोतीपुर मैं भर्ती कराया गया घायल युवक की खालिद चिंता जनक बनी हुई है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक सुबह रोडवेज बस स्टेशन की तरफ जा रहा था। इसी दौरान वह हीरालाल धर्मशाला और ब्रिज के नीचे खीरी गन हाउस के सामने अचानक गिर गया, हालांकि लोग बता रहे हैं कि युवक को हार्ट अटैक आया, जिससे वह गिर गया है और पीछे से आती लाल रंग की कार ने उसे टक्कर मार दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं युवक के परिजनों को सूचना दी जा रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### होमगार्डो के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई




**अजान-खीरी।** हैदराबाद थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा बुधवार को सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड किशोरी लाल, राजेन्द्र तिवारी,सोबरनलाल को अंगवस्त्र के साथ मिठाई देकर उन्हें विदाई दी। विदाई के इस पल में होमगार्ड काफी भावुक दिखे और पुलिस कर्मियों की ओर से दिए गए इस सम्मान पर धन्यवाद ज्ञापित किया। हैदराबाद थाने में नियुक्त होमगार्ड सोबरन लाल, राजेन्द्र तिवारी,किशोरीलाल बुधवार को होमगार्ड के पद से सेवानिवृत्त हुए। यह जानकारी जब थाने के थाना प्रभारी दीपक तिवारी को हुई तो उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को एकत्रित कर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि सभी मानव हैं पद किसी का कोई भी हो सेवानिवृत्ति के अवसर पर उसे सम्मान पूर्वक विदाई देनी चाहिए। उप निरीक्षक सुनील कुमार , राम प्रकाश ने अंगवस्त्र देकर उनकी भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सुनील कुमार, रामप्रकाश, अमरेन्द्र कुमार, नितिन कुमार सहित समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## केंद्रीय बजट में मिले व्यापारियों को राहत रमनलाल गोयल



संवाददाता

**आगरा।** आगरा मोतीगंज खाद व्यापार समिति के अध्यक्ष रमनलाल गोयल ने कहा है- केंद्रीय बजट में व्यापारियों को छूट मिलनी चाहिए जिसे ग्राहक आसान से खरीददारी कर सके और व्यापारी का भी कारोबार सही तारीख से चले जिसमें गरीब जनता को दो वक्त की रोजी रोटी कमाने में भी कोई दिक्कत ना आए करोबार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र में बैठी एनडीए सरकार का यह बजट व्यापारियों के हित में होना चाहिए ना कि चुनावी बजट होना चाहिए अगामी लोकसभा चुनाव के चलते बजट चुनवी होकर ना रह जाए इसके लिए टैक्स में भी छूट मिलनी चाहिए और क्या बजट में झंडा एक्स का धारण होना चाहिए, जिसका आयकर जिसका 500000 से 1000000 तक 5त्न का स्लिप होना चाहिए जिसमें 5त्न का छूट होना चाहिए छोटा व्यापारी सही तरीके से व्यापार कर सके क्योंकि व्यापारी छोटे बड़े सभी व्यापारी होते हैं जिसको देखते हुए केंद्रीय बजट पेश करना चाहिए, लेकिन छोटे व्यापारियों को ध्यान में रख कर बजट पेश करना चाहिए जिसे व्यापार जगत में खुशी की लहर दौड़े, ऐसा बजट बार का होना चाहिए जो व्यापार जगत में हिट हो, बजट लाभदायक हो।

### केंद्रीय बजट में तवज्जे मेरे करोबार को अश्विनी जैन

आगरा केंद्रीय बजट में हो मजदूरों गरीबों के लिए राहत का बजट केंद्र में बैठी एनडीए सरकार को महंगाई रोकना चाहिए यह कहना है कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष अश्विनी जैन का कहना है कि इस बार का बजट इस प्रकार है, जिसे जनता को कामकाज मिलाना चाहिए जिसे गरीब जनता अपने परिवार का पालन पोषण सही से कर सके क्योंकि हर बार का बजट उद्योगपतियों को और उद्योगपति बनने वाला होता है यह बजट चुनवी बजट है इस बजट को जनता जनार्दन बजट कहा जाना चाहिए कि जनता के हितों को देखते हुए सरकार द्वारा बजट देना चाहिए एनडीए सरकार इस बार का बजट है गरीब हित में तब जब कि गरीब परिवार का पेट भर रोटी मिली सरकार को पूरा ध्यान, गरीब जनता को रखना चाहिए और गरीब जनता को काम देना चाहिए।यह बजट चुनावी बजट ना होकर जनता बजट होना चाहिए कई वर्षो से बजट के कारण गरीब जनता और गरीब होती जा रही है सारे काम उन लोगों के लिए लाभदायक साबित होते हैं कि जिन्हों का काम एक्सपोर्ट करना है मजदूरों का ध्यान तक नहीं रखा जाता है जिनके करण उद्योग मिल्कशा वाले पैसा कमाते हैं सरकार द्वार बजट को इस प्रकार का है जिसमें गरीब जनता का भी लाभ हो चुनावी बजट ना होते हुए जनता बजट होना चाहिए

## वृद्धा आश्रम के 35 बुजुर्गो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में बुधवार को जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ शिखर बाजपेई द्वारा कैंप लगाकर बुजुर्गो की जांच की गई। इस दौरान 35 मरीजों को देखा गया। जिरियाट्रिक फिजीशियन जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में शिविर लगाकर 35 बुजुर्गो की जांच की गई। इन सभी की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इनमें हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, सांस में तकलीफ, कफ व पेट संबंधी शिकायत अधिकतर बुजुर्गो में मिली। जिसे देखते हुए उन्हें ठंड से बचने की सलाह के साथ दवाई दी गई हैं। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि धूप निकलने पर कुछ देर धूप में बैठे और ठंड के समय अच्छे से गर्म कपड़े पहने, गर्म पानी का सेवन करें और खाना भी गरम ही खाएं। जिससे ठंड से बचाव होगा और तकलीफों में भी राहत मिलेगी।

## सहारा निवेशकों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से भुगतान न होने पर मांगी इच्छा मृत्यु स्वीकृति

संवाददाता



**सीतापुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑल इंडिया जन आंदोलन सहारा संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले आज पीड़ित सहारा निवेशकों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया को अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट सीतापुर के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा । जिसमें सहारा इंडिया द्वारा अब तक निवेशकों का भुगतान न किए जाने के कारण इच्छा मृत्यु की स्वीकृति मांगी है। तथा 28-2-23 को सीतापुर कोतवाली में दर्ज एफआईआर जिसमें सुब्रत राय सहारा चेयरमैन प्रबंध निदेशक स्वपना राय सहाराओपी श्रीवास्तव उप महाप्रबंधक अनिल कुमार पाण्डेय राणा जिया मनोज श्रीवास्तव आदि पर दर्ज कराई गई थी । सीतापुर कोतवाली पुलिस द्वारा सहारा निवेशकों का पक्ष लिये बगैर एफआर लगाई गई है वह नितांत गलत है। तथा सहारा में बैठे ओ पी श्रीवास्तव आदि के दबाव में एफआर लगाई गई है। उसकी पुनः जांच कर फिर से एफआईआर दर्ज कराई जाये। सहारा निवेशक संघ के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने मांग की है की सहारा जमाकर्ताओं का भुगतान किया जायें ।अन्यथा की दशा में इच्छा मृत्यु की स्वीकृति प्रदान की जाए। हजारों एफआईआर दर्ज होने के बाद भी केंद्र सरकार के मंत्री प्रदेश सरकार के मंत्री आज सहारा शहर सहारा के प्रबन्धन तन्त्र से मिलने जाते हैं। तो ऐसे में कैसे पुलिस अपना निष्पक्ष कार्य कर पाएगी। यह स्वत संदेश प्रकट होता है महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मांग की है कि मिलने वाले मन्त्रियो की जांच कराकर इन्हें मंत्री परिषद से बर्खास्त किया जाए। तथा सहारा पीड़ितों के साथ न्याय किया जाये। सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेन्ज लिमिटेड रियल स्टेट हाउसिंग स्कीम में अवशेष बचे जमाकर्ताओं का भुगतान किया जायें।जो काफी दिनों से पीड़ित हैं।ज्ञापन देने वालों में सहारा पीड़ितों की आवाज उठाने वाले जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा राज कुमार श्रीवास्तव किसान मन्च के राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रकाश सिंह अल्पना सिंह सुधा राठौर रजत शुक्ला विजय कुमार गुप्ता नितिन शर्मा बीनू राठौर कृष्णा राठौर साजेब खान मुन्ना छाया लक्ष्मी सीमा आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं।

## चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम बैच का हुआ समापन।

**बांकेगंज खीरी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम बैच का बुधवार को समापन हो गया। शिक्षक संदर्शिकाओं का प्रयोग करके निपुण लक्ष्य की सत प्रतिशत प्राप्ति होगी। खंड शिक्षा अधिकारी श्री राकेश कुमार ने चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम बेंच के समापन के अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए शिक्षकों के बीच उक्त बातों को रखा शिक्षक प्रशिक्षण प्रशिक्षक के रूप में ए आर पी अनूप पांडे मुकेश कुमार अरविंद मिश्रा वीरेंद्र कुमार तथा सरजीत सिंह के द्वारा 25 सप्ताह की शिक्षण योजना एफ एल एन की आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। पचास पचास दो बेचो में बलिस्टर सिंह कृष्ण सेवक जगन्नाथ आदि शिक्षकों द्वारा प्रतिभा किया गया।

## मॉकड्रिल ! गैस पाइप लाईन रिसाव से हुए धमाके, दो लोग हुए घायल

### आगरा जेसीबी की खुदाई से टूटी गैस की पाइप, मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की दमकल ने पाया आग पर काबू

❖ तेज धमाकों की आवाज और आग की लपटों को देख राहगीरों की जुटी भीड़, मॉकड्रिल की जानकारी होने पर ली राहत की सांस

❖हाथरस रोड पर गैल इंडिया ने पाईप लाईन में गैस लीकेज को कंट्रोल करने का किया मॉकड्रिल

संवाददाता



**आगरा।** हाथरस रोड स्थित इंडिया कोल्ड स्टोर के सामने औद्योगिक क्षेत्र में एक के बाद एक हुए आग के लगातार चार धमाकों से पूरा एरिया दहल उठा। चारों तरफ फायर ब्रिगेड एवं पुलिस की गाड़ियों के सायरन गूंजते रहे। मौके पर फायर ब्रिगेड सहित गैल इंडिया लिमिटेड के अधिकारी पूरा पुलिस लवाजमा एवं पूरा प्रशासन मौजूद रहा। सभी ने अपने अपने तरीके से मॉनिटरिंग करते हुए आग के धमाकों पर काबू पाने का प्रयास किया। आग के गोलों की चपेट में आए कंपनी के दो कर्मचारियों को बारी-बारी से एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड एवं पुलिस की गाड़ियों के सायरन की आवाज सुनकर राहगीर और आसपास के लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई, सब यह देखकर दंग रह गए। यह पूरी घटना जेसीबी की खुदाई के समय प्राकृतिक गैस पाईप लाईन के अचानक टूट जाने के बाद गैस पाइप लाइन रिसाव होने से गठित हुई, जिस पर काबू पाने के लिए गैल इंडिया लिमिटेड की एक फायर टेंडर और दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को एक के बाद एक हो रहे आग के धमाकों पर काबू पाने में करीब 10 मिनट लग गए। इस पूरे घटनाक्रम में 2 लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए। गनीमत यह रही कि यह एक वास्तविक घटना न होकर गैल इंडिया लिमिटेड की तरफ से मॉक ड्रिल का अभ्यास था। मॉकड्रिल की सूचना मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह, सीएफओ डीके सिंह, एसीपी सुकन्या शर्मा पूरे पुलिस लवाजमा के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे तो वहीं, गैल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक जय प्रकाश गौड़, उपप्रबंधक ललित मोहन दीपक, प्रशांत राठौर, उदित नारायण सिंह, शैलेंद्र सिंह, मोनू यादव, विजय कुमार, संजीव कुमार, हेमंत शर्मा, डीके शर्मा, प्रभाकर मिश्रा, एस. एस भटनागर सहित ग्रीन गैस के अधिकारी मौके पर स्थिति को संभालने के लिए पहुंचे। प्रबंधन ड्रीम सॉल्यूशन की टीम ने संभाला।

## गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय

संवाददददाता

**अजान-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम रम्मापुर में बीते दिनों किसी बात को लेकर दो लोगों में हुए विवाद में हुई मारपीट के चलते गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मृत्यु। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। थाना हैदराबाद पुलिस ने बताया कि बीते 15 जनवरी को थाना क्षेत्र के ग्राम रम्मापुर निवासी रामपाल पुत्र कधई का विवाद गाँव के ही विपक्षी कन्धई लाल पुत्र सुरजवली से शराब के नशे मे किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिससे कंधई लाल ने उसको लाठी डंडो व लात- घूसो से पिटाई कर दी थी। पिटाई के दौरान जमीन पर गिरने से रामपाल के सिर व शरीर पर गम्भीर चोट आयी थी। परिवार वालो द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रामपाल को इलाज के लिए गोला सीएचसी मैं भर्ती कराया गया था। करीब एक हप्ते चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई इसके बाद मृतक की पत्नी रुपा ने हैदराबाद थाने में आकर विपक्षियों पर लाठी डंडो से मारने पीटने के बाद इलाज के दौरान मौत होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी कन्धई लाल पुत्र स्व सुरजवली के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकादमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे कन्धई लाल को मुखविर की सूचना पर उप निरीक्षक अशोक कुमार ,कास्टेबल राकेश वर्मा, आकाश यादव,रुपेश कुमार के साथ झाऊपुर चौराहे पहुचकर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# हेमंत सोरेन पर ED का एक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्या पहली बार हो रही किसी सीटिंग सीएम की गिरफ्तारी

- हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर सस्पेंस।
- कथित जमीन घोटाला मनी लॉन्ड्रिंग केस।
- ईडी की टीम सीएम आवास में हेमंत के साथ।
- सीएम की गिरफ्तारी को लेकर क्या है नियम।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन को क्या ईडी की टीम गिरफ्तार कर चुकी है? लगातार सियासी गलियारे में चर्चा चल रही। इससे पहले लालू यादव और जयललिता पर भी जांच एजेंसियों ने एक्शन लिया था। वो भी सीएम पद पर थे जब उनके खिलाफ करप्शन के मामले सामने आए थे। आइये जानते हैं मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर क्या नियम कानून हैं? झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। रांची के सीएम आवास में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूछताछ के लिए पहुंची है। इसी के बाद सूबे का सियासी पारा चढ़ गया है। जेएमएम-कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। ऐसी संभावना है कि कुछ ही देर में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हो सकती है। इसी को लेकर राज्यपाल से सत्ताधारी विधायकों ने मुलाकात का समय मांगा है। कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की टीम एक्शन मोड पर है। इससे पहले हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी अधिकारियों की एक टीम बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे से ही सीएम आवास पर मौजूद है। ये पहला मौका है जब मनी लॉन्ड्रिंग केस में किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की तैयारी हो रही है। कथित जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में हेमंत सोरेन पर एक्शन हुआ है। इससे पहले ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किया था। जिसमें उनसे पहले भी कई घंटों तक पूछताछ हुई थी। सोमवार



को ईडी की टीम दिल्ली स्थित उनके आवास पर भी पहुंची थी, लेकिन झारखंड के सीएम वहां नहीं मिले थे। इसके बाद रांची में सीएम आवास पर हेमंत सोरेन से ईडी अधिकारियों ने पूछताछ की और अब किसी भी वक्त गिरफ्तारी हो सकती। इससे पहले रांची में राजभवन, सीएम आवास और प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय के 100 मीटर दायरे में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी गई। जिससे भीड़ नहीं जुट सके। सवाल ये उठता है कि क?या किसी भी जांच एजेंसी के लिए किसी राज?य के मुख?यमंत्री को गिरफ्तार करना इतना आसान होता है? किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के नियम-कानून है, बताते हैं आगे। सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा-135 के तहत किसी भी मुख्यमंत्री, विधानसभा या विधान परिषद सदस्य को गिरफ्तारी में छूट होती है। हालांकि, ये छूट केवल सिविल केस में ही मिलती है। क्रिमिनल केस में एक्शन हो सकता है। इसका मतलब साफ है कि एक मुख्यमंत्री को क्रिमिनल मामले में गिरफ्तार किया जा सकता है। लेकिन, अगर मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य की क्रिमिनल केस में गिरफ्तारी की जानी है तो पहले विधानसभा अध्यक्ष से मंजूरी लेनी होगी। स्पीकर की मंजूरी के बिना मुख?यमंत्री की क्रिमिनल केस में गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। इसके साथ ही असेंबली सेशल से 40 दिन पहले, 40 दिन बाद तक किसी सदस्य को न तो गिरफ्तार किया जा सकता है और ना ही हिरासत में लिया जा सकता है। वहीं संविधान के अनुच्छेद 361 में राष्ट्रपति और राज्यपाल को भी गिरफ्तारी से छूट मिली हुई है। ये छूट सिविल और क्रिमिनल, दोनों ही केस में होती है। यानी राष्ट्रपति और राज्यपाल को पद पर रहते हुए न तो गिरफ्तार किया जा सकता है, न ही हिरासत में लिया जा सकता है। कोर्ट में भी कोई उनके खिलाफ कोई आदेश जारी नहीं कर सकती। हालांकि, उनकी गिरफ्तारी या फिर एक्शन उनके पद से हटने के बाद हो सकता है। इससे पहले लालू यादव की भी जब चारा घोटाला केस में 1997 में गिरफ्तारी हुई थी तब चार्जशीट में नाम आने के बाद ही उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। लालू यादव ने अपनी जगह सरकार की बागडोर राबड़ी देवी को सौंप दी थी। सीबीआई के एक्शन से पहले लालू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री का पद छोड़ दिया था। माना जा रहा कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी ऐसा ही करेंगे। सीएम पद से इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी होगी।

## सीएम ही नहीं राजस्थान ब्यूरोक्रेसी के नए मुखिया भी फुल एक्शन मूड में, जेडीए के बाद कलेक्ट्रेट में किया औचक निरीक्षण तो अफसरों में मचा हड़कंप

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत अपनी कार्यशैली से अफसरों के बीच चर्चा में हैं। सरकारी दफ्तरों में देरी से पहुंचने वाले अफसरों के प्रति मुख्य सचिव काफी सख्ती से पेश आ रहे हैं। पिछले दिनों वे सुबह साढ़े 9 बजे जेडीए (जयपुर विकास प्राधिकरण) ऑफिस पहुंच गए, इसके बाद अफसरों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया। इसके बाद अब मुख्य सचिव कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी के चीफ सुधांश पंत की कार्यशैली से अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। सरकारी दफ्तरों में देरी से पहुंचने वाले अफसरों के प्रति मुख्य सचिव काफी सख्ती से पेश आ रहे हैं। पिछले दिनों वे सुबह साढ़े 9 बजे जेडीए (जयपुर विकास प्राधिकरण) पहुंच गए। उनके पहुंचने तक जेडीए के आयुक्त और सचिव सहित कई अफसर दफ्तर नहीं पहुंचे थे। सुधांश पंत ने अफसरों के कार्यालयों के निरीक्षण करना शुरू किया तो अफसर दौड़ते हांफते ऑफिस पहुंचे थे। बाद में लापरवाह अफसरों के खिलाफ कार्मिक विभाग ने एक्शन भी लिया। एक आईएएस और दो आरएएस अफसरों को निलंबित कर दिया गया था। बीते दिनों राजस्थान के नए सीएम भजनलाल शर्मा के भी अचानक एक थाने में पहुंच जाने के बाद हड़कंप का माहौल बन गया था। मंगलवार 30 जनवरी की सुबह साढ़े 9 बजे सुधांश पंत अचानक जयपुर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने वहां जिला प्रशासन के विभिन्न अफसरों के कार्यालयों का निरीक्षण शुरू किया। निरीक्षण के दौरान कई अफसर और कर्मचारी गैर हाजिर मिले तो मुख्य सचिव ने काफी नाराजगी जाहिर की। हालांकि जैसे ही अफसरों को सूचना मिली की मुख्य सचिव उनके कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं तो वे दौड़कर ऑफिस पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट में राजस्व अपील अधिकारी (आरएए) रामअवतार गुर्जर गैरहाजिर मिले। उनकी टेबल पर फाइलों का ढेर लगा हुआ था। उन फाइलों के बारे में कर्मचारियों से पूछा तो वे जवाब नहीं दे पाए। करीब 250 से ज्यादा फाइलें केवल साइन के लिए रखी हुई थी और इन फाइलों पर भी वे हर बार अगली तारीख देते आ रहे थे। इसके बाद ने जयपुर सिटी एसडीएम विनोद कुमार के चैंबर में पहुंचे। उनकी टेबल रखी फाइलों को मुख्य सचिव ने पढा और कुछ फाइलों की अपने मोबाइल से फोटो भी ली। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जब जिला कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया तो जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित अपने चेंबर में कार्य करते हुए मिले। वे समय से पहले ही दफ्तर पहुंच गए थे। एडीएम भी कार्यालय में उपस्थित मिले थे। जिला कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले मुख्य सचिव ने संभागीय आयुक्त कार्यालय का भी निरीक्षण किया था। वहां कई कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित मिले।

## एक नज़र

### हिमाचल विधानसभा बजट सत्र- शिक्षा विभाग में 5 से 29 फरवरी तक छुट्टियों पर रोक



**शिमला।** 4 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के चलते उच्च और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रस्तावित छुट्टियों और टूअर पर रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। चौदहवीं विधानसभा के पांचवें सत्र (बजट सत्र) के चलते शिक्षा विभाग में 5 से 29 फरवरी तक छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। 14 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के चलते उच्च और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रस्तावित छुट्टियों और टूअर पर रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अधिकारियों और उनके तहत काम करने वाले कर्मचारियों को रविवार सहित अन्य छुट्टियों के दौरान भी बुलाया जा सकता है। सुबह 8ः00 से रात 8ः00 बजे तक अफसरों को दफ्तर में मौजूद रहना होगा। विभाग ने विधानसभा में शिक्षा विभाग से संबंधित लगे सभी प्रश्नों के जवाब जल्द देने को कहा है। शिक्षा निदेशालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि बजट सत्र के दौरान विभाग से संबंधित सभी प्रश्नों के जवाब तैयार होने चाहिए। अधिकारियों के पास हर तरह की जानकारी होनी चाहिए। कहा गया है कि विभाग की हर शाखा में कम से कम एक अधिकारी इस दौरान रोजाना सुबह 8ः30 बजे ऑफिस में होना चाहिए। रात को 8ः00 बजे तक अफसरों को दफ्तर में मौजूद रहने होगा। अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक, सभी उपनिदेशक, सभी सरकारी कालेजों के प्रिंसिपल, कमांडर एनसीसी और चीफ लाइब्रेरियन सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी सोलन, प्रारंभिक शिक्षा के सभी उपनिदेशक, प्रिंसिपल डाइट की छुट्टियां रद्द करने के आदेश दिए गए हैं। इन अधिकारियों के तहत काम करने वाले स्टाफ को भी छुट्टियां नहीं मिलेंगी। विभाग में विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं। कितने पद रिक्त हैं। कितने पद भरे गए हैं। निदेशालय के अधिकारियों ने कितने स्कूलों, कॉलेजों का निरीक्षण किया। कितने नए स्कूल, कॉलेज खोले गए। सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्या स्टेटस है। इसकी जानकारी मांगी गई है।

### प्रदेश के कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी, कोहरा भी छाया रहा, आगे ऐसा रहेगा मौसम

**जींद।** हरियाणा में बुधवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह ही कई क्षेत्रों में बारिश देखने को मिली। रातभर घने कोहरे के बाद दिन में हल्के कोहरे के दौरान ही बूंदाबांदी भी देखने को मिली। 5 फरवरी तक बारिश की संभावना बनी रहेगी। हरियाणा के पानीपत में सुबह 11 बजे तक कोहरा छाया रहा। 12 बजे बूंदाबांदी शुरू हुई। बूंदाबांदी के बीच कोहरा भी छाया रहा। बादलों के कारण मौसम में गर्माहट भी रही। हालांकि धूप नहीं निकली। वहीं बूंदाबांदी ने बिजली निगम की परेशानी बढ़ा दी। हल्की बूंदाबांदी से शहर के बड़े फीडरों पर बिजली सप्लाई बाधित हुई। बिना बिजली के जनरेटरों का सहारा लेना पड़ा। शहर के 132 केवी पावर हाउस सेक्टर-29 पर कई घंटे बिजली बाधित रही। थोड़ी ही बूंदाबांदी से कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रही। रेवाड़ी में सुबह के समय घना कोहरा छाया हुआ था। सुबह 9 बजे के बाद धूप निकली, जिससे ठंड से राहत मिली। 11 बजे के बाद कुछ ही देर में आसमान में बादल छा गए। बूंदाबांदी की भी संभावना पूरे दिन बनी रही। पूरे दिन तेज हवाएं चलती रही। अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## गैंगस्टर कैलाश मांजू को लॉरेंस विश्नोई के शूटर से डर, पत्नी पहुंची पुलिस की शरण में

संवाददाता




**जोधपुर/जयपुर।** राजस्थान में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी बीच में जोधपुर के अपराधी कैलाश मांजू की पत्नी ने लॉरेंस बिश्नोई के शूटर से सुरक्षा को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। कैलाश की पत्नी ने पुलिस से अपने रिश्तेदार और लॉरेंस बिश्नोई के गर्गों के बारे में बताया है। पुलिस ने बीते दिनों लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के शूटरों के राजस्थान में सक्रिय होने के इनपुट मिले हैं। राजस्थान में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स लगातार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों को के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इस बीच जोधपुर के एक हार्ड कोर अपराधी कैलाश मांजू की पत्नी ने लॉरेंस बिश्नोई के शूटर से सुरक्षा को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। इसको लेकर कैलाश की पत्नी ने जोधपुर पुलिस कमिश्नर और पुलिस उपायुक्त पश्चिम को परिवाद दिया। इसके बाद पुलिस एक्टिव हो चुकी है। बता दें कि कैलाश मांजू लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है, जो उनकी गैंग में सक्रिय रह चुका है। जिसे ह्द्ध ने पिछले साल जुलाई में गुजरात से दबोच लिया था। कैलाश अभी जेल में बंद है। कैलाश मांजू जोधपुर का इनामी हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने बताया कि कैलाश मांजू पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से तार जुड़े होने के आरोप है। इसके अलावा अवैध हथियार तस्करी समेत विभिन्न संगीन अपराधों में कैलाश मांजू वांछित है। यहीं नही कैलाश मांजू ही लॉरेंस बिश्नोई को पहली बार जोधपुर लेकर आया था। कैलाश लॉरेंस के सीधे कांटेक्ट में था। इसके कारण ह्द्ध की टीम इसकी तलाश कर रही थी। जिसे ने बीते साल गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। जो फिलहाल जेल में बंद है। कैलाश की पत्नी प्रियंका बिश्नोई ने पुलिस कमिश्नर रवि दत्त गौड़ के कार्यालय में पेश होकर पति की जान को खतरा होने की आशंका जताई है। उसने परिवाद पेश कर पति की सुरक्षा करने की मांग की है। इस दौरान कैलाश की पत्नी ने अपने एक रिश्तेदार पर लॉरेंस गिरोह से मिलकर उसके पति की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि रिश्तेदार गांव में रहता है और उसके कनाडा में बैठे लॉरेंस के खास गुर्गे गोल्डी बरार के संपर्क में है। उसने आशंका जताई है कि उसके रिश्तेदार ने कुछ समय पहले भी पति की हत्या के लिए दो शूटर जोधपुर में बुलवाए थे। बाद में इन शूटरों को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने हिस्ट्री सीटर कैलाश मांजू की पत्नी के परिवाद पेश करने के बाद उसके मकान और आवासीय कॉलोनी में गश्त शुरू कर दी है। बता दें कि बीते दिनों इंटेलिजेंस एजेंसियों को लॉरेंस बिश्नोई के शूटर के राजस्थान में सक्रिय होने के इनपुट मिले। इसके बाद पुलिस ने विधायक हनुमान बेनीवाल और मुकेश भाकर की सुरक्षा बढ़ा दी है। उधर, आशंका जताई जा रही है कि लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह के शूटर के राज्य में होने की सूचना से जोधपुर में गैंगवार हो सकता हैं।

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का 34,490 करोड़ से होगा विकास, ऋण संभाव्यता योजना तैयार

संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया। नाबार्ड ने 2024-25 के दौरान हिमाचल प्रदेश में कृषि और संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 34,490.60 करोड़ रुपये की ऋृण संभाव्यता योजना तैयार की है। यह ऋृण प्रभाव आकलन 2024-25 के लिए राज्य बैंकिंग योजना का आधार बनेगा। ऋृण प्रवाह को बीते वर्ष के मुकाबले आठ फीसदी बढ़ाया गया है। इस ऋृण प्रवाह से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का विकास होगा। बुधवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के राजधानी शिमला में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित राज्य क्रेडिट सेमिनार में यह जानकारी दी गई। सेमिनार का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किया। मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर 2024-25 का विमोचन भी किया। इसके अलावा नाबार्ड के विभिन्न विकास कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हितधारकों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लोगों के सामजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन कवर मिशन, मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा, मुख्यमंत्री विद्यार्थी योजना व स्टार्टअप इत्यादि अनेक कल्याण योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि इन योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए ऋृण देने में सहयोग दें, ताकि किसान, बागवान तथा युवा इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## जिस हमले पर चल रही थी तानातनी

# वो हुआ ही नहीं था, आखिर राहुल की कार का शीशा कैसे टूटा

संवाददाता

**पटना/कोलकाता।** राहुल गांधी के कार पर किसी ने कहीं भी पत्थर नहीं फेंके। ये बात कांग्रेस की ओर बताई गई। जबकि पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया था कि मालदा में उनके कार पर पत्थर फेंके गए। हद तो तब हो गई, जब ममता बनर्जी ने कह दिया कि राहुल के कार पर हमला बिहार में हुआ है। जिस हमले पर इतनी तानातनी चल रही थी, वो हमला हुआ ही नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर राहुल की कार का शीशा कैसे टूटा? इस बात पर सफाई खुद कांग्रेस पार्टी की ओर से ही आई है। कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के कार के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा। कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए ये जानकारी सामने आई है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममला बनर्जी और बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी में जमकर जुबाई जंग हुई। बिहार और बंगाल का एंगल भी आ गया था। कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया गया। जिसमें कहा गया कि %पश्चिम बंगाल के मालदा में राहुल जी से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल जी से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाए गए। तभी



सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का पिछला शीशा टूट गया। जनता के नेता राहुल गांधी लोगों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता उनके साथ है, जनता उन्हें सुरक्षित रख रही है। इससे पहले दिन में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया था कि मालदा जिले में %भारत जोड़ो न्याय यात्रा% के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने कार पर कथित तौर पर पत्थर फेंके थे। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया था कि ये घटना पड़ोसी राज्य बिहार के कटिहार इलाके में हुई है। इसका मतलब ये हुआ कि दोनों ही नेता बिना जानकारी के मीडिया में बयान दे रहे थे। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया था कि मालदा जिले में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पार्टी नेता राहुल गांधी जिस कार से यात्रा कर रहे थे, उस पर बुधवार को अज्ञात लोगों ने पथराव किया। इस घटना में वाहन की पिछली खिड़की का शीशा टूट गया लेकिन राहुल गांधी सुरक्षित हैं, उन्हें कोई चोट नहीं आई है। टेलीविजन में दिखाए गए दृश्यों में गांधी निर्धारित पड़ाव पर पहुंचने के बाद वाहन से उतरकर क्षतिग्रस्त खिड़की के शीशे का निरीक्षण करते दिख रहे हैं। ये हमला मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में तब हुआ, जब यात्रा ने बिहार से पश्चिम बंगाल में दोबारा प्रवेश किया। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी जिस कार में यात्रा कर रहे थे, उसकी पिछली खिड़की का शीशा पथराव के बाद टूट गया, इस तरह के कृत्य अस्वीकार्य हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गाड़ी पर उनके राज्य में नहीं, बल्कि बिहार में हमला किया गया। हालांकि उन्होंने इस घटना की निंदा की और कहा कि जब इस गाड़ी ने राज्य (बंगाल) में प्रवेश किया तब उसका पिछला शीशा पहले से टूटा हुआ था। ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे संदेश मिला कि राहुल गांधी की कार पर पथराव किया गया। मैंने पता किया कि दरअसल क्या हुआ, तब मैंने पाया कि ये घटना बंगाल में नहीं बल्कि कटिहार में हुई। जब ये कार बंगाल आई तब उसका शीशा पहले से टूटा हुआ था। मैं इस घटना की निंदा करती हूं। ये कुछ नहीं बल्कि ड्रामा है।

## गैंगस्टर रोहित गोदारा की सोशल मीडिया पोस्ट से मचा हड़कंप, अपने दुश्मनों को दी बड़ी चेतावनी

एजेंसी




**जयपुर।** राजस्थान में कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने हड़कंप मचा दिया है। इस पोस्ट के जरिए रोहित गोदारा ने यह स्पष्ट किया है कि कुछ लोग उसके नाम से धमकी दे रहे हैं, जिसमें उसका कोई लेना देना नहीं है। बता दें कि गोदारा को लेकर ह्द्ध ने 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है और उसकी तलाश जारी है। राजस्थान में पिछले काफी समय से गैंगस्टर रोहित गोदारा सक्रिय नजर आ रहा है। इसको लेकर व्यापारियों को रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के कई मामले सामने आए हैं। इसको लेकर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स लगातार सक्रिय है। इधर, गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया फेसबुक पर अपनी एक पोस्ट शेयर की है, जिससे हलचल मच गई है। इस पोस्ट के जरिए रोहित ने बताया कि कुछ लोग उसके नाम से धमकी दे रहे हैं, जिसमें उसका कोई लेना देना नहीं है। बता दें कि गोदारा को लेकर ह्द्ध ने 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। रोहित गोदारा ने फेसबुक पर एक पोस्ट की है। इसमें रोहित ने लिखा है। %राम-राम सभी भाइयों को. मैं रोहित गोदारा कपूरीसर। सीकर में जो मेरे और मेरे ग्रुप के नाम से लोगों को धमकी मिल रही है, इन लोगों से मेरा कोई लेना देना नहीं है, नहीं मैं इनको जानता हूं। यह हमारे भाई शक्ति सिंह रानोली के दुश्मन है, वह उसकी गैंग के आजीवन दुश्मन रहेंगे। रोहित ने आगे लिखा कि रही बात मेरे भाइयों की तो जो राजू ठेहट हत्याकांड में शामिल थे, वह सभी जेल में बंद है, बाकी जो सीकर में फालतू की हवाबाजी कर रहे हैं, लोगों को धमका रहे हैं, इनसे मेरा कोई लेना देना नहीं है। शक्ति सिंह रानोली और रोहित गोदारा एक ही गैंग के सदस्य हैं। इससे पहले शक्तिसिंह रानोली आनंदपाल गैंग का सदस्य था। लेकिन अभी फिलहाल जेल में बंद है। राजू ठेहट की हत्या में रोहित गोदारा और शक्ति सिंह रानोली दोनों ने ही प्लानिंग बनाई थी। शक्ति सिंह ने राजू ठेठ की हत्या के लिए शूटर को हथियार, शूटर, नगदी और गाड़ी सहित अन्य सामान उपलब्ध कराए थे। इस कारण शक्ति सिंह रोहित का साथी हैं। इस कारण रोहित ने शक्ति सिंह रानोली के दुश्मन को भी अपना दुश्मन बताया है। बता दें कि रोहित के सहयोगी शक्ति सिंह को जयपुर पुलिस ने पिछले साल जयपुर के कालवाड़ रोड से गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने उसे चार पिस्टल, 6 मैगजीन, एक देशी कट्टा और एक बड़ा बोर बंदूक सहित 104 कारतूस बरामद किए थे। शक्ति सिंह के खिलाफ रानोली, सरदारशहर, जामसर बीकानेर, फुलेरा और उद्योग नगर में करीब एक दर्जन मामले दर्ज है।

## ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने में कल से शुरू हो सकती है पूजा, शुद्धिकरण के बाद भगवान शिव का होगा रुद्राभिषेक

संवाददाता




**वाराणसी।** ज्ञानवापी व्यासजी तहखाने में गुरुवार से पूजा शुरू कराई जा सकती है। इसका स्वरूप भी सामने आ सकता है। एक तरफ मुस्लिम पक्ष इस मामले में हाई कोर्ट का रुख करने की तैयारी में है। वहीं, हिंदू पक्ष की ओर से पूजा- पाठ शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के व्यासजी तहखाने में गुरुवार से पूजा शुरू हो सकती है। वाराणसी कोर्ट के फैसले के बाद भगवान शिव की पूजा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तहखाना में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। सबसे पहले तहखाना का शुद्धिकरण किया जाएगा। गणेश पूजन के साथ तहखाने में भगवान शिव की पूजा की तैयारियां शुरू हो जाएगी। पूजा के दौरान भगवान सूर्य समेत पांच देवताओं की पूजा की जाएगी। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने में नियमित पूजा के अधिकार संबंधित केस पर बड़ा फैसला सुनाया है। हिंदू पक्ष को भगवान की नियमित पूजा के आदेश की प्रति डीएम को भेज दी गई है। इसके साथ ही नवंबर 1993 से बंद तहखाने में पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई है। वाराणसी डीएम को फैसला ईमेल कर दिया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी व्यासजी तहखाने में भी पूजा कराएंगे। व्यासजी तहखाने को खोलने के आदेश के बाद इस मसले पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए बरडिकेडिंग काटकर रास्ता बनाया जाएगा। वकील ने दावा किया है कि पूजा कल यानी गुरुवार से शुरू हो सकती है। 31 साल का इंतजार खत्म हुआ है। नंदीजी के सामने से रास्ता बनाया जाएगा। इसके बाद शिवभक्त व्यासजी तहखाने में पूजा कराया जाएगा। वाराणसी कोर्ट का आदेश आते ही सब बम- बम बोलने लगे। हिंदू पक्ष की ओर से आदेश के बाद बम- बम का नारा लगाया जाने लगा। वाराणसी कोर्ट प्रांगण हर- हर महादेव के नारे लगने लगे। हिंदू पक्षकार ने कहा कि आज बम- बम बोल रहा है काशी। वहीं, हिंदू वकील ने कहा कि मुस्लिम पक्ष की ओर से भले ही ऊपरी कोर्ट में फैसले को चुनौती दी जाएगी। लेकिन, फर्स्ट इंप्रेशन ही लास्ट इंप्रेशन होता है। हमारे भगवान शंकर का 31 साल का इंतजार खत्म होगा। वाराणसी कोर्ट का फैसला आते ही यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि काशी आज बम- बम बोल रहा है। कोर्ट में आस्था का सम्मान हुआ है। कोर्ट के फैसले ने हिंदुओं की आस्था का सम्मान किया है। यह हार्दिक स्वागत वाला फैसला है। वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कोर्ट का आदेश स्वागतयोग्य है। संतों ने इस फैसले पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि अब बाबा भोले का मंदिर बनेगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू कर सकते हैं सरफराज खान : कोच विक्रम राठौड़

एजेंसी

विशाखापत्तनम। पहले मैच के बाद भारत को चोट से जुड़ी चिंताओं का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और लोकेश राहुल दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। इसने चयनकर्ताओं को अनकैप्ड सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को स्क्वॉड में शामिल करने के लिए मजबूर किया।

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में सरफराज खान और रजत पाटीदार में से किसी एक को चुनना आसान नहीं होगा। यह मैच शुक्रवार से शुरू होगा जिसमें मेजबान भारत हैदराबाद में सीरीज के शुरूआती मैच गंवाने के बाद बराबरी हासिल करने की कोशिश करेगा। पहले मैच के बाद भारत को चोट से जुड़ी चिंताओं का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और लोकेश राहुल दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। इसने चयनकर्ताओं को अनकैप्ड सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को स्क्वॉड में शामिल करने के लिए मजबूर किया। रजत पाटीदार विराट कोहली के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में आए थे।



विक्रम ने कहा- यह एक कठिन फैसला होगा। सरफराज टीम में क्या बदलाव लाते हैं वह देखना महत्वपूर्ण होगा। निश्चित रूप से, वे शानदार खिलाड़ी हैं। हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने घरेलू क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए इस तरह के विकेटों पर मुझे लगता है कि सरफराज सच में टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर हमें उनमें से सिर्फ एक को चुनना है तो निश्चित रूप से यह कठिन होगा। लेकिन यह फैसला राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा द्वारा किया जाएगा। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंतिम एकादश का चयन किया जाएगा।



सरफराज खान और रजत पाटीदार

उन्होंने कहा, पिच की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। यह बदल जाएगा। शायद पहले दिन से नहीं, लेकिन अंत में यह बदल जाएगा। विकेट इस तरह दिखता है। हैदराबाद में हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया और मेजबान टीम यहां वापसी करने के लिए बेताब होगी। राठौड़ ने कहा कि रिकवरी से ज्यादा खिलाड़ियों को सीखने और आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा, रिकवरी का यहां कोई सवाल नहीं है। आप हर मैच में सीखते रहते हो। निश्चित रूप से हम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। काफी विचार साझा किए जा रहे हैं और हम अच्छी तैयारी कर रहे हैं और अगले गेम में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

विक्रम ने खिलाड़ियों की वापसी करने की क्षमता पर भरोसा जताया और 2012 के बाद से घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में भारत के अजेय रिकार्ड का जिक्र किया। उन्होंने कहा, %हम अपने बल्लेबाजों के बारे में बात करते रहते हैं (पर्याप्त रन नहीं बना रहे), लेकिन भारत घरेलू सरजमीं पर काफी सीरीज जीत रहा है। हमने 12-13 साल से घरेलू सरजमीं पर कोई सीरीज नहीं गंवाई है। इसका मतलब है कि हम अन्य टीमों की तुलना में अधिक रन बना रहे हैं। रन बनाने के लिए ये मुश्किल हालात हैं, लेकिन मुझे यकीन है कि बल्लेबाजों को रास्ता मिल जाएगा।

राठौड़ ने कहा कि इस स्तर पर खिलाड़ियों को सिर्फ स्थिति के अनुसार काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, %एक बार जब आप इस स्तर पर पहुंच जाते हो तो मुझे नहीं लगता कि आपको बहुत अधिक कोचिंग की जरूरत होती है। यह स्थितियों को पढ़ने और बेहतर निर्णय लेने के बारे में है। जब तक वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तब तक उन्हें ज्यादा कोचिंग प्राप्त करने की जरूरत नहीं है।

## नर्दन रेलवे स्टेडियम में बड़े धूम-धाम से मनाया गया कीर्ति प्रकाश मिश्रा का विदाई समारोह









संवाददाता

लखनऊ। मण्डल खेल सचिव कीर्ति प्रकाश मिश्रा उत्तर रेलवे लखनऊ का आज तारीख 31/1/2024 में विदाई समारोह नर्दन रेलवे स्टेडियम में बड़े धूम-धाम से मनाया गया, इस उपलक्ष्?य में 15-15 ओवर का क्रिकेट मैच DRM 11th VS RDSO 11th के बीच खेला गया जिसमें दोनो ही टीमो में उच्च अधिकारियो ने हिस्सा लिया छ्रऋ11ह्लद्ध 5 विकेट से मैच जीता जिसमें DRM LKO/NR S.M शर्मा ने 29 रन बनाकर नाबाद रहें । कीर्ति मिश्रा जी ने 1992 में NR/LKO मे खेल सचिव का पदभार संभाला , कीर्ति जी इंटरनेशनल गोताखोरी में 1982 में ऐशिया सिल्वर मैडल प्राप्त किया उसके उप्रांत notional & Internationl खेलो में हिस्सा लिया और चैम्पियन रहे।

LKO/NR स्टेडियम में फ्लड लाइट लगवाई जोकि पूरे भारत के रेलवे स्टेडियमों में पहला स्थान रहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशिय हॉल बनवाया। इनके कार्यकाल में सभी खेलों में 150 से आधेक खेल में युवाओ की भर्तियां हुई, और युवाओ ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल से रेल व भारत का नाम रौशन किया। अपने सरल स्वाभाव के कारण यह सभी खिलाड़ी व आधकारी के दिलो में जगह बना रखी थी।

इस अवसर पर D.G. (ROSO) A.S. Rana ,DRM/NR/LKO . M.S शर्मा ,DRM-शीवेन्द्र शुक्ला, Sr,dee/G सन्दीप श्रीवास्तव & Sr Dee,RSO ,O.P. Tiwari तथा .DOM-श्री आदित्य गुप्ता (sports आफीसर) व NR/ Delhi से sports officer श्री आनन्द मोहन जी व अन्य अधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे। आए हुए सभी अतिथियों ने कीर्ति प्रकाश मिश्रा जी को ढेरों बधाइयां दीं साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की

## राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप में पंजाब की मंजू ने 10 किमी स्पर्धा का जीता स्वर्ण



### पुरुषों में साहिल ने मारी बाजी

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक हासिल किया। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने पुरुषों के 35 किमी स्पर्धा में स्वर्ण पदक दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। वहीं, महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की बंदना पटेल ने 35 किमी स्पर्धा में तीन घंटे 11 मिनट छह सेकंड के समय के साथ स्वर्ण अपने नाम किया।

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक (पैदल चाल) चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर (किमी) प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। इस जीत से उन्होंने 2024 ओलंपिक खेलों में पहली बार शामिल मिश्रित रिले पैदल चाल की टीम में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत किया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालिफाई करेगी।

## विधु विनोद चोपड़ा के बेटे ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में रचा इतिहास, ऐसा करने वाले बने पहले क्रिकेटर

एजेंसी।

नई दिल्ली। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा और फिल्म समीक्षक अनुपमा चोपड़ा के बेटे अग्नि चोपड़ा रणजी ट्रॉफी के अपने पहले सीजन में बल्ले से सनसनीखेज फॉर्म में चल रहे हैं। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने मिजोरम के लिए खेलते हुए अपने पहले सीजन में लगातार पांच शतक बनाकर रणजी ट्रॉफी रिकॉर्ड बनाया। अनुपमा चोपड़ा ने अग्नि के विश्व रिकॉर्ड के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसके कैप्शन में प्राउड मॉम लिखा। अग्नि ने मेघालय के खिलाफ अपने चौथे प्रथम श्रेणी मैच में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए केवल 90 गेंदों पर 105 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। इस शानदार प्रदर्शन ने मिजोरम की पहली पारी में 359 रनों का मजबूत स्कोर बनाने में अहम भूमिका निभाई। अग्नि ने अब तक चार प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इस दौरान पांच शतक लगाए हैं। उन्होंने 95.87 की औसत से 767 रन बनाए हैं। अग्नि ने एक अर्धशतक भी लगाया है। अग्नि प्रथम श्रेणी क्रिकेट के शुरुआती चार मैचों में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सिक्किम के खिलाफ 166 और 92 रन की पारी खेली थी। उसके बाद नगालैंड के खिलाफ 166 और 15 रन बनाए। अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 114 और 10 रन का स्कोर बनाया। अब मेघालय के खिलाफ पहली पारी में 105 और दूसरी पारी में 101 रन की पारी खेली। कुछ लोगों का कहना है कि अग्नि ने ये रन कमजोर टीमों के खिलाफ प्लेट डिवीजन में बनाए हैं, लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता और उनकी क्षमता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अग्नि के प्रदर्शन ने मिजोरम टीम को मजबूत कर दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि वह सीजन में 1000 रन का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

## मानसून में पिएँ यह 5 हेल्दी ड्रिंक्स, बीमारियाँ रहेंगी आपसे कोसों दूर

बारिश के मौसम में मसाला चाय पीने का मजा अलग है। यह स्वाद में अच्छी होने के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके लिए आप दूध में चाय पत्ती के साथ साथ अदरक, लौंग, इलायची, दालचीनी और काली मिर्च डाल सकते हैं। बारिश का मौसम होता तो बहुत सुहाना है, चारों तरफ फैली हरियाली दिल को सुकून देती है। लेकिन बरसात कई तरह की बीमारियां भी अपने साथ लेकर आती है। मानसून में इम्युनिटी कमजोर होने के कारण वायरल फीवर, फूड प्वाइजनिंग और इंफेक्शन होने का खतरा अधिक होता है। इसलिए जरूरी है कि इस मौसम में आप अपनी सेहत की खास देखभाल करें। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी हेल्दी ड्रिंक्स बताने जा रहे हैं जो स्वादिष्ट होने के साथ साथ मानसून में आपकी इम्युनिटी भी बूस्ट करेंगी बारिश के मौसम में मसाला चाय पीने का मजा अलग है। यह स्वाद में अच्छी होने के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके लिए आप दूध में चाय पत्ती के साथ साथ अदरक, लौंग, इलायची, दालचीनी और काली मिर्च डाल सकते हैं। इसके कड़क स्वाद और सुगंध से आपका मन तरोताजा हो जाएगा। इसके साथ ही मसाला चाय पीने से सर्दी-खांसी और संक्रमण से भी बचाव होता है। मानसून में अपने दिन की शुरुआत गुनगुने पानी और नींबू के साथ करें। आप इस ड्रिंक का सेवन न केवल मानसून बल्कि किसी भी मौसम में कर सकते हैं। गर्म पानी में नींबू डालकर पीने से शरीर में जमा हानिकारक पदार्थ बाहर निकलते हैं और इससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। आपकी दादी या मां भी आपको सर्दी-खांसी होने पर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह जरूर देती होंगी। दरअसल, गर्म दूध में हल्दी डालकर पीने से सर्दी-खांसी में जल्द राहत मिलती है। आप इस ड्रिंक का सेवन किसी भी मौसम में कर सकते हैं। हल्दी में एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं जो इम्युनिटी बढ़ाकर संक्रमण से बचाव करते हैं। बारिश के मौसम में कश्मीरी कहवा का सेवन भी बहुत फायदेमंद होता है। इसे ग्रीन टी की पत्तियों को केसर, इलायची, दालचीनी और मेवा के साथ उबालकर बनाया जाता है। इसमें फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं जो बारिश के दौरान होने वाली बीमारियों से बचाव करते हैं। नारियल पानी एक बहुत पौष्टिक और स्वादिष्ट ड्रिंक है जिसे आप किसी भी मौसम में पी सकते हैं। नारियल पानी के सेवन से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है और बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव होता है। नारियल पानी के सेवन से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटता है और यह पाचन तंत्र को सुधारने में भी मदद करता है। मानसून में हमारा पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है, ऐसे में नारियल पानी पीना फायदेमंद रहता है। नारियल पानी शरीर में कई पोषक तत्वों की आपूर्ति करने में भी मदद करता है।

## शुरू हो गए हैं लाडली के पीरियड्स तो उसकी डाइट में जरूर शामिल करें यह चीज़ें




अगर बेटी को पहली बार पीरियड्स शुरू हुए हैं तो उसके खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां जरूर शामिल करें। पीरियड के दौरान हैवी ब्लीडिंग होने के कारण कई बार शरीर में खून की कमी हो सकती है। ऐसे में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से शरीर में विटामिन, मिनरल और फोलिक एसिड की आपूर्ति होती है। पीरियड्स या मासिक धर्म महिलाओं में होने वाले एक नेचुरल प्रोसेस है। जब लड़की यौनावस्था के पड़ाव पर पहुंचाती है तो उसे पीरियड्स आना शुरू होते हैं। आमतौर पर लड़कियों को 10 से 12 साल की उम्र के आसपास पीरियड्स आने शुरू होते हैं। लेकिन कई लड़कियों को पहली बार पीरियड 14-15 साल की उम्र में भी हो सकते हैं। पहले पीरियड के दौरान हर लड़की को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। फर्स्ट पीरियड के द्वारा पेट दर्द, कमजोरी, मूड स्विंग और हैवी ब्लीडिंग हो सकती है। ऐसे में आप की लाडली को पीरियड के दौरान अधिक देखभाल की जरूरत होती है। पहले पीरियड के दौरान बेटी के खानपान का खास ख्याल रखें।

इससे उसको पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याएं नहीं होंगी। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगी कि बेटी के पहले पीरियड के दौरान आपको उसकी डाइट में क्या-क्या शामिल करना चाहिए। अगर बेटी को पहली बार पीरियड्स शुरू हुए हैं तो उसके खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां जरूर शामिल करें। पीरियड के दौरान हैवी ब्लीडिंग होने के कारण कई बार शरीर में खून की कमी हो सकती है। ऐसे में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से शरीर में विटामिन, मिनरल और फोलिक एसिड की आपूर्ति होती है। अगर आप नॉन वेज का सेवन करते हैं तो बेटी को पहली बार पीरियड्स होने पर उसकी डाइट में चिकन और फिश शामिल करें। इनमें भरपूर मात्रा में आयरन, प्रोटीन और ओमेगा थ्री फैटी एसिड मौजूद होता है। पीरियड्स के दौरान फिश और चिकन के सेवन से पीरियड्स पेन को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा इससे मूड स्विंग्स की समस्या भी कम होती है। पहली बार पीरियड्स होने पर बच्ची ड्राई नट्स खाने को दें। बादाम, काजू, अखरोज जैसे नट्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इसके अलावा नट्स में मैग्नीशियम और विटामिन भी मौजूद होते हैं। पीरियड्स के दौरान नट्स के सेवन से कमजोरी और थकान जैसी समस्याएं दूर होती हैं। पीरियड्स के दौरान बेटी की डाइट में दाल भी जरूर शामिल करें। दाल के सेवन से शरीर को प्रोटीन और विटामिन जैसे पोषक तत्व मिलते है। हालांकि ध्यान दें कि पीरियड के दौरान उसे उड़द की दाल खाने को न दें। दरअसल, उड़द की दाल बादी होती है और इससे अपच और गैस की समस्या हो सकती है। पीरियड्स में मूंग की दाल खाना फायदेमंद होता है। मूंग पचाने में आसान होती है और इससे शरीर को एनर्जी भी मिलती है। फर्स्ट पीरियड के दौरान अपनी लाडली को ताजे फरूट्स खाने को दें। आप बेटी को अनार और चुकंदर का जूस पीने को दे सकती हैं।

## गलत आदतों से हो सकता है लिवर खराब, जानें इसको स्वस्थ रखने के उपाय

पपीता पेट व लीवर की बीमारियों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। पपीता विटामिन ए और विटामिन सी से भरपूर होता है। इसके साथ ही इसमें फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी मौजूद होते हैं जो कई तरह की बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। लिवर हमारे शरीर का एक अहम अंग है। लिवर का काम हमारे शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकलना है. हम जो भी खाते-पीते हैं उसे पचाने में भी लिवर मदद करता है। कई बार हम अपनी भागदौड़ भरी जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों के चलते लिवर को नुकसान पहुंचाते हैं. इसके कारण फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस और हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियाँ होने का खतरा बढ़ जाता है। लिवर को साफ और स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान और अच्छी जीवनशैली बहुत जरूरी है। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप अपने लिवर की देखभाल कैसे कर सकते हैं पपीता पेट व लीवर की बीमारियों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। पपीता विटामिन ए और विटामिन सी से भरपूर होता है। इसके साथ ही इसमें फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी मौजूद होते हैं जो कई तरह की बीमारियों से लड़ने में मदद



करते हैं। लिवर सिरोसिस की बीमारी में पपीते करना बहुत लाभकारी साबित होता है। इसके लिए हर रोज़ दो चमच पपीता के जूस में आधा चमच नींबू का रस मिलाकर पिएँ। इस जूस का तीन-चार हफ्ते तक नियमित सेवन करने से लिवर स्वस्थ बनेगा और लिवर सिरोसिस में लाभ होगा।

लहसुन हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। लहसुन का सेवन करने से ऐसे एंजाइम सक्रिय होते हैं जो लिवर में मौजूद विषैले पदार्थों या टॉक्सिंस को बाहर निकालते हैं। इसके अलावा लहसुन में एंटीऑक्सिडेंट, एंटीबायोटिक और एंटिफंगल गुण मौजूद होते हैं, जो हमारे लीवर को साफ और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। लिवर के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है गाजर गाजर को विटमिन ए का खजाना माना जाता है, जो लिवर की बीमारी को रोकता है। रोजाना गाजर के जूस का सेवन करने से लीवर की गर्मी और सूजन दूर होती है। इसके साथ ही गाजर में इनप्लांट फ्लेवोनॉयड्स और बीटा-कैरोटीन नामक तत्व भी पाए जाते हैं जो लीवर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। लीवर सिरोसिस की बीमारी में गाजर और पालक का रस मिलाकर पीने से बहुत लाभ होता है। यह तो आप जानते ही होंगे कि हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना फायदेमंद होता है। हरी पत्तेदार सब्जियाँ हमारे खून में मौजूद विषैले पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने में मदद करती हैं। इसके अलावा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से शरीर में भारी धातुओं का असर कम होता है और लिवर मजबूत बनता है। अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां अवश्य शामिल करें।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् सामजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।